दैनिक पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 198 | ग्वालियर, गुरुवार 28 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

न्यूज ट्रैक

होली के रंग में मचा भंग, सरेआम युवक के सिर में गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

छतरपुर में होली के दिन सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया. बदमाशों ने दिन दहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. फायरिंग की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया. वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गये. बताया जा रहा है कि बदमाशों ने सिर में गोली मार कर युवक की जान ले ली.वारदात की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मृतक की पहचान हरिओम शुक्ला के रूप में की गयी है.

होली के दिन सरेआम गोली मारकर हत्या-जानकारी के मुताबिक महोबा रोड स्थित हरिओम शुक्ला होली मिलन समारोह में गया हुआ था. होली खेल रहे अज्ञात आरोपियों ने हरिओम शुक्ला के सिर में गोली मार दी. गोली लगते ही हरिओम शुक्ला की मौके पर मौत हो गयी. दिन दहाड़े हत्या से होली की खुशियों में मातम पसर गया. मौके पर अफरा तफरी की स्थिति बन गई.फायरिंग करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की.

घटना के पीछे बताया जा रहा जमीन विवाद-पूछताछ में शुरुआती तौर पर पता चला है कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है. आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की जा रही है. फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटा लिये हैं. होली के दिन दिन दहाड़े बीच रोड पर हत्याकांड से पूरे शहर में सनसनी फैल गई.पुलिस को घटनास्थल के पास लगा एक सीसीटीवी फुटेज मिला है. सीसीटीवी फुटेज में दर्जनों लड़के भागते हुए नजर आ रहे हैं. फिलहाल हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है. बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद में हरिओम की हत्या की गई है.

नई गाड़ियों की खरीद की अटकलों पर जीतू पटवारी का मोहन यादव सरकार पर तंज,

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर सरकारी कर्ज को लेकर मोहन यादव सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला. अपने ऑफिशियस सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक लंबी-चौ?ी पोस्ट में पटवारी ने कहा कि कर्ज लेकर घी पीने की पुरानी कहावत पीछे छोड़ते हुए बीजेपी के नुमाइंदे अब घी से नहाना चाहते हैं. वह भी तब जब हर महीने कर्ज लेकर सरकारी गाड़ी सरक रही है.पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मंत्रियों की नई गाड़ियों की डिमांड को लेकर चल रही खबरों का हवाला देते हुए कहा, ÷क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों को केवल 3 माह पहले उपलब्ध कराई गई गाड़ियां पसंद नहीं आ रही हैं? मीडिया रिपोर्ट्स बता रही हैं कि अधिकांश मंत्री स्टेट गैरेज से गाड़ियां पुरानी बताकर, अब नई गाड़ियों की डिमांड कर रहे हैं.

सीएम मोहन यादव बोले

लाडली बहना योजना कांग्रेस ने किया था बंद होने का दावा

> सीएम मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि अगले चुनाव तक भी लाडली बहना योजना बंद नहीं की जाएगी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लाडली बहना योजना को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि लाडली बहना योजना सहित महिलाओं से जुड़ी उन तमाम योजनाओं को कभी बंद नहीं किया जाएगा, जो वर्तमान में जारी हैं. इस मौके सीएम मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि अगले चुनाव

तक भी लाडली बहना योजना बंद नहीं की जाएगी.बीते साल मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को लाडली बहना योजना का खूब फायदा मिला. इसी का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव से पहले भी लाडली बहना योजना को लगातार भुनाने की कोशिश की जा रही है.मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने होली के दूसरे दिन महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह दावा कर रहे थे कि लाडली बहना योजना विधानसभा चुनाव के बाद बंद हो जाएगी. कांग्रेस का यह सफेद झूठ जनता के सामने आ गया है.

योजना का बढ़ाया जाएगा दायरा-मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं से जुड़ी किसी भी योजना को आने वाले समय में भी बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि योजनाओं का दायरा और बढ़ाया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है, लेकिन बीजेपी जो बोलती है वह करके दिखाती है.

लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स अहम-मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी काफी उत्साहित है. भारतीय जनता पार्टी के नेता और पदाधिकारी लगातार दावा कर रहे हैं

पहले चरण के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन, कमलनाथ के गढ़ पहुंचेंगे सीएम मोहन यादव

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर नामांकन जमा करने का आज आखिरी दिन है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के अनुसार दोपहर तीन बजे तक नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे. वहीं नामांकन जमा करने के अंतिम दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के तीन संसदीय क्षेत्रों में पहुंचकर बीजेपी प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा भी पहुंचेंगे, जहां वह बीजेपी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के नामांकन रैली को संबोधित भी करेंगे.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है. मंगलवार 26 मार्च को 33 अभ्यर्थियों ने 43 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए हैं.

30 मार्च तक वापस ले सकेंगे नाम-अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक कुल 49 अभ्यर्थियों द्वारा 64 नाम निर्देशन

पत्र भरे जा चुके हैं. अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण के लिए नाम नामांकन आज दोपहर तीन बजे तक भरे जा सकेंगे. नामांकन पत्रों की समीक्षा 28 मार्च को की जाएगी. नामांकन भर चुके प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा. वहीं मतगणना चार जून को होगी.

जबलपुर-छिंदवाड़ा-बालाघाट जाएंगे सीएम-सीएम मोहन यादव आज जबलपुर रहेंगे, जबकि यहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर 12.15 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से एयरस्ट्रीप छिंदवाड़ा पहुंचेंगे. यहां नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के बाद सीएम दोपहर 1.45 बजे छिंदवाड़ा से रवाना होकर 2.25 बजे बालाघाट हेलीपेड पहुंचेंगे. जबकि दोपहर 3.50 बजे बालाघाट से रवाना होकर 4.30 बजे छिंदवाड़ा आएंगे. वहीं शाम 4.40 बजे छिंदवाड़ा से रवाना होकर शाम 5.25 बजे भोपाल आगमन होगा.

एक दिन पहले नकुलनाथ ने भरा नामांकन-बता दें छिंदवाड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ ने एक दिन पहले ही अपना नामांकन फार्म जमा किया है. नकुलनाथ के साथ उनके पिता कमलनाथ, मां अलका नाथ, पत्नी प्रिया नाथ के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे. इस दौरान जनसभा का भी आयोजन किया गया था. नकुलनाथ ने नामांकन के साथ अपनी चल अचल संपत्ति का ब्योरा भी जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा है,

महाकाल मंदिर में आग की घटना के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में कमी, नियमों पर प्रशासन सख्त

भस्म आरती में आग लगने की घटना के बाद महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में थोड़ी कमी देखने को मिल रही है. जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है. महाकालेश्वर मंदिर में अब नियमों को लेकर और भी सख्त रवैया अपनाया जा रहा है. इसके अलावा, मामले की जांच शुरू होने के बाद कुछ लोगों पर गाज गिरना तय मानी जा रही है. महाकालेश्वर मंदिर देश भर के करोड़ों शिव भक्तों के

आस्था का केंद्र माना जाता है. भस्म आरती में आग लगने की घटना से श्रद्धालुओं को भी काफी दुख पहुंचा है. महाकालेश्वर मंदिर मे फिलहाल श्रद्धालुओं की संख्या में भी कमी आई है. महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी का कहना है कि पहले भी नियमों को सख्त रखा गया था मगर त्योहारों की वजह से थोड़ी ढिलाई देखने को मिल रही थी. अब भस्म आरती में हुई आगजनी की घटना के बाद नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है. प्रशासक सोनी का यह भी कहना है कि इस घटना के बावजूद मंदिर में दर्शन को एक पल के लिए भी बंद नहीं किया गया.

महाकाल मंदिर में आगजानी की जांच शुरू-उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में आगजनी की घटना को लेकर टीम ने जांच शुरू कर दी है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है. इस जांच रिपोर्ट के जिला प्रशासन के पास पहुंच जाने के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई भी होगी.

सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी किए जब्त-महाकालेश्वर मंदिर में सभी जगह हाई डेफिनेशन कैमरे लगाए गए है. इन कैमरा के फुटेज भी जब्त किए गए हैं. बताया जाता है की होली की सुबह भस्म आरती के दौरान श्रद्धालुओं और पंडित और पुरोहितों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर गुलाल उड़ाई जा रही थी

STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह

अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

जिले में होली का त्यौहार बड़े हर्सोल्लास से मनाया गया

कलेक्टर और एसपी ने डीजे पर खूब लगाए ठुमके तो वहीं एएसपी ने गाया गाना

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ मीडियाकर्मी भी खूब गाए - नाचे

पुलिस की रही चाकचौबंद व्यवस्था, हुड़दंगी नहीं मचा पाए कही भी हुड़दंग शांतिपूर्वक मना होली का त्यौहार

भिण्ड । होली का त्यौहार पूरे जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर और क्या गरीब सभी रंग बिरंगे रंगों में सराबोर रहे। जिधर देखो उधर ही होली की धूम मची रही । बच्चे,बूढ़े,जवान,महिलाएं सभी होली की मस्ती करते रहे।

होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में होली मनाई गई। बच्चों ने अपनी टोलियों के साथ जमकर रंग से भरी पिचकारीयो से होली खेली। पुरुष और महिलाओं ने भी रंग- गुलाल से होली खेलते नजर आए । इस दौरान गिले- शिकवे भुलाकर मेल मुलाकात का दौर चलता रहा। गली- मौहल्लों और सड़कों पर होली के रंगों में डूबे मतवालों की टोलियां चल रही थीं और आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करते रहे।

होली के पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे जवानों द्वारा मंगलवार को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर होली मनाई गई। कार्यक्रम में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव,एएसपी संजीव पाठक,सीएसपी अरुण कुमार उईके,डीएसपी हेडक्वार्टर दीपक तोमर,मेहगांव एसडीओपी संजय कोच्छा सहित विभिन्न कोतवाली के निरीक्षक,थाना प्रभारीगण,ट्रैफिक के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। ऑफिसर कॉलोनी से अधिकारीगण खुली जीप में सवार होकर निकले और पुलिस लाइन पहुंचे। जहां तोपों से पुष्प वर्षा की गई। सभी ने एक- दूसरे को रंग - गुलाल से सराबोर किया। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव और एसपी डॉ. यादव को जवानों ने कंधों पर बैठाकर डांस किया तो वहीं कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी जमकर नाचे साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी और मीडिया कर्मीयो ने भी गाने, फाग गाए और जमकर ठुमके लगाए।पुलिस प्रशासन द्वारा मनमानी करने पर आमादा हुड़दंगियों को पुलिस ने सबक भी सिखाया,बाइक पर दो से अधिक सवारियां बैठे होने पर इनके टायरों की हवा निकाल दी गई। इसके बाद सवारों को बाइक खींचकर ले जाते हुए देखा गया। पुलिस द्वारा यह सलूक उन्हीं लोगों के साथ किया गया जो हुड़दंग कर रहे थे या दो - तीन से भी अधिक सवारियां बैठाए हुए थे।

जिस भवन में मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है,उनका एआरओ अवलोकन करें : कलेक्टर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने एआरओ से कहा है कि जहां मतदान केन्द्र बनाए गए है उनका एक बार अवलोकन अवश्य कर लें। इसके साथ ही उन्होंने डीईओ,डीपीसी,महिला एवं बाल विकास से भी कहा कि वे भी भवन का अवलोकन करें और वहां पाई गई कमी को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह बात टीएल बैठक में चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान कहीं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश प्रसाद गोमे,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा,एसडीएम भिण्ड अखिलेश शर्मा,डिप्टी कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता,श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, डीडी शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे साथ ही अन्य अधिकारीगण वर्चुअली रूप से बैठक में जुडे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी अधिकारी/ कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से नदारत न रहे सी विजिल एप पर की जा रही शिकायतो का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित किया जावे। चुनाव संबंधी सामग्री एसएलआर समय पर प्राप्त कर ले। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र जिस भवन में स्थापित किये गये है उनका डीईओ/डीपीसी अपने स्तर से निरीक्षण करे और इस बात का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये कि जिस भवन में मतदान केन्द्र बना है वो पूर्ण रूप से ठीक है। उन्होंने कहा कि एआरओ यह देखे कि मतदाता सूची एवं मतदान केन्द्र की सूची हर हाल में अपडेट समय-सीमा में करा लें। मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत पानी लाईट, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रहें। जहां रेम्प की आवश्यकता है उस संस्था की जिम्मेदारी है कि रैम्प को सही हालत में रखा जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सीप प्लान की गतिविधियां जारी रहे जिससे मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी हो सके। दीवार लेखन एवं होर्डिंग भी लगी दिखना चाहिए। सभी एआरओ वेयर हाउस से ईव्हीएम मशीन स्ट्रांग रूम तक सुरक्षा के साथ राजनैतिक दलो को अवगत कराते हुए ले जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम व्यवस्थित होना चाहिए। बैठक में स्वीप प्लान, कम्युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी एवं प्रेक्षक व्यवस्था पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी को दृष्टिगत कहा कि पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए जहां पानी की किल्लत है वहां पर परिवहन भी किया जावे । बैठक में मिलावट खोरो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही जिन संस्था/ कार्यालयो पर बिजली का बिल बकाया है वे अगली टीएल बैठक में अपनी-अपनी जानकारी के साथ उपस्थित हो और एमपीईबी के अधिकारी को निर्देशित किया कि आप भी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहे ताकि अधिक बिल और बकाया बिल पर चर्चा कर निराकरण किया जा सके।

श्री श्याम बाबा के साथ श्याम प्रेमियों ने होली खेली

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भजन गायकों ने भावविभोर करने वाले भजनों को गाया

भिण्ड । ज्वाला माता खाटू श्याम मंदिर में हुआ होली के रंग श्याम बाबा के संग जिसमे सभी भक्तो ने गुलाल उधाकर बाबा श्याम के साथ होली खेली । जिसमे भिंड के समस्त संगीत कलाकारों द्वारा भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे भिंड के सजल मिश्रा ने ऐसी होली तुझे खिलाऊं दूध छटी को याद दिबाऊ सुन ले सावरे होली खेलन को अइयो मारे गांव री और सब झूमो नाचो वो आने वाला है,पकड़ी बांध रहा है, नीले चढ़ने वाला है, जिसमे सब भक्तो ने बहुत आनंद लिया और फिर संदीप बाबा ने खाटू धाम की माटी मारे रास आ गई । और चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है। उसके बाद अंकित शास्त्री ने पकड़ लो हाथ बनवारी नही तो डूब जायेंगे भजन से सबको मंत्रमुक्त कर दिया जिसमे हमारे सोनू मिश्रा ने आँगन पर संगत की आशीष शर्मा ढोलक, प्रदुम्न भदौरिया तबला, गोपाल दीक्षित पैड पर बहुत अच्छी संगत की ओर इसमें रवि डीजे साउंड ने भी सहयोग किया। बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने भी भजनों को सुना और बाबा श्री श्याम और भजन गायकों के साथ होली खेली और बाबा के प्रेम में भावविभोर होकर नाचने लगे।

दतिया आज दिनांक 27/03/2024 को फिर आबकारी ने दी जगह-जगह दबिश आयुक्त द्वारा मदिरा की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान

दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट

के अंतर्गत कलेक्टर महोदय दतिया श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गई

(1) सुमंत्रा पत्नी मोहन कंजर, उम्र 40 वर्ष, नि. विकास नगर कंजर डेरा, दतिया से हड़ा पहाड़ दतिया पर 05 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा।

(2) शिवानी पत्नी दीपू कंजर, उम्र 20 वर्ष, निवासी सीतापुर कंजर डेरा से खाद गोदाम के पीछे, गोराघाट पर 04 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा।

(3) तमन्ना पत्नी रानू कंजर, उम्र 20 वर्ष, निवासी चीन बंबा कंजर डेरा से टोडा रोड, थरेट पर 05 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा।

(4) भांडेर रोड, इंदरगढ़ पर 40 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा।

जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं कुल 54 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 10800/- रुपए है

उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री संजय शर्मा, श्री मनीष यादव, महिला आरक्षक सुश्री याशनिका यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

श्री सीरवी समाज होसूर में धूमधाम से मनाया रंगों का त्यौहार

दैनिक पुष्याजंली टुडे

होसूर। बडेर प्रांगण में रविवार देर रात्रि होलिका दहन किया गया। वहीं गेर मंडल होसूर ने चंग की थाप पर होली के गीत गाए। संस्था के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी थानाराम गेहलोत ने बताया कि होलिका दहन में समस्त सीरवी समाज होसूर के साथ साथ समस्त प्रवासी बन्धुओं ने सपरिवार भाग लिया। सोमवार को सुबह ही बडेर के सज धज कर तैयार विशाल प्रांगण में ढूंढोत्सव का शुभारंभ हुआ। पूर्व एवं वर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों के मार्गदर्शन में समस्त सदस्य बंधुओं ने आगाज से अंजाम तक सेवाभाव का परिचय देते हुए ढूंढोत्सव का सफल आयोजन किया। सूचना मंत्री लक्ष्मण राम परिहारिया ने बताया कि तिलोकचंद परिहारिया, रुपाराम सैणचा, तुलसाराम चावंडिया, मगाराम सैणचा, बाबुलाल बर्फा,भुंडाराम सैणचा,खीवसिंह राजपूत एवं समस्त प्रवासी बन्धुओं ने संपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया तत्पश्चात सभी ने ÷जल ही जीवन है÷नारे को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर बुराई पर अच्छाई की जीत और रंगों का त्यौहार होली खेलकर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की ।।

कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने सेल्फी प्वॉइंट से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

मतदान मेरा अधिकार,मेरा मत मेरा स्वाभिमान का संदेश घर - घर पहुंच रहा है

भिण्ड । स्वीप गतिविधि के तहत् मतदाता जागरूकता के संदेशों को सभी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए भिण्ड जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव एवं सीईओ जिला पंचायत जगदीश कुमार गोमे ने अधिक से अधिक मतदाता अपने मतों का प्रयोग निर्भीक होकर करें का संदेश देने के लिए सेल्फी प्वॉइंट से फोटो लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सेल्फी प्वॉइंट बनाया गया। जिसके अंतर्गत मतदाताओं द्वारा`ल्फी स्टेण्ड का उपयोग कर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।मेरा मत, मेरा स्वाभिमान, मतदान मेरा अधिकार के संदेश से युवाओं और विशेषकर नये जुड़े मतदाताओं को जोड़ा जा रहा है।

आपराधिक प्रवृत्ति के 03 लोगों पर हुई जिला बदर की कार्यवाही

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 03 व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है। इन व्यक्तियों को तत्काल खरगोन, खण्डवा एवं बड़वानी जिले के राजस्व सीमाओं से तीन माह की कालावधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है। संजय नगर खरगोन के निवासी मुन्ना ऊर्फ कालिया पिता रमुजउद्धीन शेख, ग्राम नान्द्रा थाना मंडलेश्वर निवासी रफीक पिता अल्लाबैली पठान एवं मोलाना आजाद मार्ग बड़वाह निवासी मोईन पिता मुंशी शेख की आपराधिक गतिविधियों के कारण समाज की शांति भंग होने एवं समाज में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए इन व्यक्तियों को खरगोन, खण्डवा एवं बड़वानी जिले की राजस्व सीमाओं से तत्काल तीन माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने कहा गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर इनके विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इन तीनों व्यक्तियों के विरूद्ध जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भादवि की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जा रहा है प्रेरित

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। इसी कड़ी में 27 मार्च को शा उमावि खामखेड़ा व अंजनगांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई व भीकनगांव जनपद के ग्राम बोरूठ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं बामंदी व नंदगांव बगुद में मतदाताओं को आगामी 13 मई को अपनी पसंद का सांसद चुनने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मतदाताओं को बताया गया कि मतदान करना सबका अधिकार है। इसलिए मतदान के दिन सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करें और अपने पंसद के उम्मीदवार को चुने। मतदाताओं को समझाया गया कि क्षेत्र के विकास व लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

प्रोफेसर श्री परशुराम विरही के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

महेंद्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। शिवपुरी निवासी यूएनआई के वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुपम शुक्ला के परमपूज्य पिता श्री एवं राष्ट्रकवि रहे प्रोफेसर श्री परशुराम विरही के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने बुधवार शाम केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनके निवास पर पहुंचे। इस मौके पर श्री सिंधिया ने उनके पुत्र तथा परिजनों से मुलाकात कर ढाँढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा कि श्री विरही जी का सिंधिया परिवार से गहरा रिश्ता रहा है, उनके निधन से व्यक्तिगत रूप से मुझे क्षति हुई है।

सरस्वती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल मिसिरगवां में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हनुमना(पुष्पांजली टुडे)। सरस्वती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में आज मां सरस्वती का पूजन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर मिश्र के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय के प्राचार्य आर आर शुक्ला बीआरसी हनुमना , बीईओ हनुमना , संकुल प्राचार्य श्री प्रमोद सिंह , स्वच्छाग्रही प्रेरक संघ हनुमना अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी, रामबहुर तिवारी , विद्यासागर तिवारी , सरोज तिवारी , शिवसागर तिवारी , विनय तिवारी , अनुराग द्विवेदी , अनिल द्विवेदी, सुसज्जित तिवारी , हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत कई ग्राम पंचायत सरपंच एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय की गरिमा को बढ़ाने में अपना अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

के शिक्षक शिक्षिका एवं अभिभावक गढ़ भारी तादाद में उपस्थित होकर विद्यालय प्रांगण विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गयाविद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कार्यक्रम को बड़े ही अच्छे तरीके से कार्यक्रम को संपन्न किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा साथ ही प्राचार्य आनंद मिश्रा के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र बीआरसी हनुमना के द्वारा प्रदान किया गया । साथ ही बच्चों का मनमोहक कार्यक्रम देश भक्ति एवं छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा गरिमा मयी प्रस्तुत बड़ी ही सराहनी रही विद्यालय परिवार कई तरह से बच्चों की मनोहर छवि बनाकर प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा । स्कूल प्राचार्य आनंद मिश्रा के द्वारा सभी अथितियों के आगमन पर आभार व्यक्त किया गया ।

रीवा जिले की अस्मिता बचाने के लिए महत्वपूर्ण है यह चुनाव : नीलम

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा क्षेत्र रीवा में किसी प्रमुख दल द्वारा पहली बार महिला प्रत्याशी उतारे जाने के बाद लोगों में खास तौर पर महिलाओं में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के क्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत के लिए जन समुदाय का सैलाब उमड़ रहा है। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने कहा कि जिस तरह से पहले दिन ही आप लोगों का जिस प्रकार से प्यार और स्नेह दिखाई दे रहा है उससे मैं खुद अभिभूत हूं। और आपके इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी। इन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप इकट्ठे हुए हैं और समर्थन दे रहे हैं उसे ऐसा लगता है कि रीवा की राजनीति में नए सूर्य का उदय हो रहा है। वहीं महिलाओं में इस बात की खुशी दिखाई दी की पहली बार किसी बड़े दल ने महिला प्रत्याशी को मैदान में उतर कर महिला सशक्तिकरण के बारे में अपनी प्रतिबद्धता जताई है। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा ने कहा कि चुनाव हर 5 साल में होते हैं, लेकिन इस बार का लोकसभा चुनाव अपने

आप में महत्वपूर्ण है। रीवा के हर व्यक्ति को इस बार बहुत ही गंभीरता और समझदारी समझदारी के साथ निर्णय लेना है। वैसे भी रीवा की जनता अच्छे और बेहतर निर्णय लेने के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि रीवा लोकसभा क्षेत्र की जनता को पिछले 10 सालों में ठगने का काम किया गया है। हर जगह भ्रष्टाचार और लूट को बढ़ावा देते हुए स्वयं भी भाजपा के नेता शामिल है। जो उनका विरोध करता है, उसके खिलाफ किसी न किसी तरह की साजिश कर परेशान करवाया जाता है। जनता परेशान है जनता की गाढ़ी कमाई का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के गंगहरा , मनकहरी, इटहा, खैर, भिटवा, अमबा, बहुरी बांध, पुरैनी, बम्हौरी, रहट, सोनौरी, मरहा , पैप खरा, सुमेदा, कचूर, मधेपुर, जोन्ही, भोलगढ़, बैजनाथ आदि गांव का भ्रमण किया, लोगों से संवाद किया, इस दौरान सभी को अस्वस्थ किया कि वह उनके साथ हर पल हैं और अन्य तथा अत्याचार की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

इस बार का चुनाव लड़ रही जनता: अभय मिश्रा कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के पक्ष में चुनावी प्रचार अभियान के दौरान सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने अपने भ्रमण अभियान के दौरान होली के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार होली का त्यौहार सामाजिक समरसता वाला है, इस तरह राजनीति में भी राजनीतिक सुचिता और समरसता होनी चाहिए। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस पार्टी के नेता जो भी बोलते हैं ठीक उसका उल्टा करते हैं। सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास का नारा देने वाली भाजपा ने आज पूरे भारत को अलग-अलग धर्मों और जातियों के बीच एक खाई बना दी है और आपस में ही लडवा कर अपना उल्लू सीधा कर रही है। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। इन्होंने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह भ्रष्टाचार हुआ है उसको देखने के बाद मैं खुद अचंभित हूं।

बेटी की गुहार सुन मदत मे आगे आया विप्र सेवा संघ

रीवा(पुष्पांजली टुडे)

।बेटी की गुहार सुनकर हमेशा की भांति पीड़ित मानवता के मदत के लिये आगे आया विप्र सेवा संघ यज्ञ नारायण मिश्रा उम्र 45 बर्ष की मौत तीन दिन पहले मदुरई तमिलनाडु मे हो गई आज शाम डेड बॉडी गृह ग्राम मे आयेगी जंहा अंतिम संस्कार किया जायेगा मिश्रा जी को हार्ट की बीमारी थी लेकिन पैसे की तंगी के कारण न इलाज कराया ना परिबार को बताया मृतक के परिवार मे तीन लड़की,बालक,माँ और पत्नी है आय का कोई साधन नहीं है रहने के लिये मकान नहीं परिबार अत्यंत गरीब है यंहा तक कि अंतिम संस्कार के लिये आर्थिक संकट से जूझ रहा है बेटी ने सोशल मिडिया पर मदत की गुहार लगाई यह बात विप्र सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला को लोकमन शुक्ला और सोशल मिडिया के माध्यम से प्राप्त हुई श्री शुक्ल ने पीड़ित परिवार से मुलाड़ात किये सहयोग के तौर 40 हजार रूपये की आर्थिक मदत की गई साथ ही बच्चे की पड़ाई, मकान के लिये हर संभव मदत करेंगे सरकारी योजनाएं जिनका लाभ परिवार को नहीं मिल रहा ओ भी दिलाया जायेगा पत्रकार उपेंद्र द्विवेदी जी और रामु गर्ग ने राशन दिलाने की जिम्मेदारी ली विप्र सेवा संघ की तरफ से इन्होने ने किया सहयोग राजीव शुक्ला, सागर मिश्रा, विवेक तिवारी, बेनीमाधब शर्मा, डॉ एस एन तिवारी,अजय पाण्डेय, नीरज दुबे, प्रो महेश शुक्ला, हेमंत चतुर्वेदी,जानबी गौतम,मुनीश तिवारी, आनंद मिश्रा, अंजनी शुक्ला,अशोक मिश्रा,विनय त्रिपाठी, धीरेन्द्र पाण्डेय, शिवाकांत पाण्डेय, नित्यानंद मिश्रा, शिवम प्यासी, रंगनाथ तिवारी, हनुमान मिश्रा और अमित त्रिपाठी, अमित पाठक, योगेंद्र गौतम ने सहयोग किया

मिली बड़ी सौगात, जगह- जगह हो रही अवैध शराब पैकारी

शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)

रीवा। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के पहले जिले के बैकुंठपुर थाने से पुलिस निरीक्षक स्थानांतरित होकर थाना चोरहटा आए। उन्हें आए हुए महज 5 से 6 महीने हुए है, अब उन्होंने अपने थाना के अंतर्गत आने वाले हर गांव में शराब कि अवैध पैकारी की सौगात दे डाली।कई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाने से महज कुछ दूर चौराहे पर ही खुलेआम अवैध शराब बिक रही है, कुछ दिन पहले हुई जनसभा मे एडिसनल एस.पी के सामने, एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी थी। लेकिन वो जानकारी बेअसर हुई,क्युकी थाने में तो सब पहले से ही पता है, जब पुलिस आरोपी को कही से भी पकड़ कर ला सकती है, तो क्या थाने के बगल में चल रही अवैध पैकारी कि जानकारी थाना प्रभारी को न होगी। साथ ही क्षेत्र के जितने भी गांव है, वहा हर जगह शराब कि पैकारी चरम सीमा पर है, शराब दुकान से कम रेट में हर गांव में शराब उपलब्ध है। और जो शराब बेच रहे है, उनके पास शराब को बेचने का कोई लाइसेंस नहीं है, साथ ही शराब दुकानों से कम रेट में शराब बेंच रहे है, कम रेट में बेचने के लिए शराब कहा से आ रही है,यह जांच का विषय है।

पूर्व में रहे थाना प्रभारी को आज भी याद कर रहे लोग- पूर्व में चोरहटा थाना प्रभारी रहे निरीक्षकों को आज भी लोग याद कर रहे है ,पूर्व में शिवपूजन मिश्रा ने जब थाने की कमान संभाली थी, तो क्षेत्र में काफी सुधार कि स्थिति निर्मित की क्षेत्र में कही भी अवैध कार्य करने में लोगो को डर लगता था, उनके स्थांतरण के बाद थाने कि कमान अवनीश पांडे के हाथो सौंपी गई थी, उन्होंने ने भी क्षेत्र में किसी तरह का गलत काम होने देने कि अनुमति नहीं दी, जहा कही से जानकारी आती जाके कार्यवाही करते थे। लेकिन अब जो थाना प्रभारी आए है, उनको सब जानकारी होते हुए भी कोई कार्यवाही न करने से यही समझ आ रहा है, पूरा कारोबार ठेकेदारों और पुलिस कि मिलीभगत से चल रहा है।

महीने में हर पैकारी वाली जगह से जाता है, पुलिस का अलग हिस्सा- सूत्र विश्वसनीय सूत्र ने यह भी बताया कि अवैध तरीके से शराब बेचने वालो से बात करने पर पता चला कि शराब बेचने के लिए हर विभाग का अलग हिस्सा जाता है, जिसमे पुलिस का हिस्सा सबसे ज्यादा जरूरी होता है, क्युकी जिस महीने हिस्सा नहीं पहुंचता पुलिस उठाकर ले जाती है, अगर मोटी रकम मिल गई तो ठीक नही तो बड़े अधिकारियों को जानकारी देकर मीडिया बुलाकर, वाह- वाही लूट लेते है।अब हर गांव में हो रही अवैध शराब पैकारी बहुत बड़ा जांच का विषय है, युवा पीढ़ी पूरी तरह से नशे कि गिरफ्त में जाता दिखाई दे रहा है, अगर नशे का कारोबार इसी तरह बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में एक भी युवा किसी काबिल नही रह जायेगा, यह हर गांव के निवासी का कर्तव्य बनता है, कि इन अवैध शराब तस्करों को रोके ताकि युवा पीढ़ी नशे कि गिरफ्त में न जा सके।

चोरहटा पुलिस ने उमरी बॉर्डर पर चलाया चेकिंग अभियान :चप्पे चप्पे पर नजर, संदिग्ध वाहनों और लोगों से पूछताछ, तलाशी के बाद छोड़ा

रीवा। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ सुरक्षा इंतजामों को भी पुख्ता किए जाने का खाका तैयार कर लिया गया है। इसी क्रम में उमरी बॉर्डर पर पहरा सख्त कर दिया गया है, नाके पर लगातार चेकिंग की जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक है वैसे-वैसे सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद की जा रही है. जिले के बॉर्डर पर अब पुलिस तैनात कर दी गई है, ऐसे में अब बाहर से आने जाने वाले प्रत्येक राहगीरों की बगैर चेकिंग किए प्रवेश नहीं दिया जाएगा. फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया है। दरअसल कुछ दिनों बाद मध्यप्रदेश में चुनाव होने वाले है ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए चोरहटा पुलिस ने जिले में प्रवेश करने वाले उमरी बार्डर पर भारी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. बाहर से आने वाले हर व्यक्ति की यहां पर चेकिंग की जाएगी तभी जिले में प्रवेश दिया जाएगा, जिले में आने जाने वाले लोगो पर सख्ती से पूछताछ सचिंग किए बगैर जिले में प्रवेश नही दिया जाएगा. स्थाई बंकर बनाकर आने-जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है. चार और दोपहिया वाहन चालकों को जांच पड़ताल के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है. जो भी वाहन और व्यक्ति संदिग्ध नजर आ रहे हैं, वाहन के कागजात देखने के साथ ही उस पर सवार लोगों के बारे में सभी जानकारियां ली जा रही हैं। चोरहटा थाने से पुलिस अधिकारी संतोष सिंह धुर्वे, शिवमूर्ति मिश्र, पंकज मिश्र, दिनेश दाहिया कर रहे चेकिंग।

चोरहटा उमरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने कि दो कारों से कैश ज़प्ती

बोलेरो से 400000 एवं स्विफ्ट कार से 121000 रुपए किए गए जप्त

रीवा। चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट में चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा दो बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें बीरेंद्र द्विवेदी निवासी खुटहा बेला बोलेरो गाड़ी से रीवा की ओर ड़400000 नगदी लेकर जमीन कि रजिस्ट्री के लिए जा रहे थे, चेक पोस्ट में जांच करने पर उनके पास नगदी रकम को जप्त कर लिया गया है। साथ ही राकेश कुमार अग्रवाल निवासी जवाहर नगर सतना अपनी सिफ्ट कार से 1 लाख 21 हजार रुपए लेके यूनियन बैंक सिरमौर चौराहा रीवा कि ओर आ रहे थे। जिनके पास भी 50 हजार से ज्यादा नगदी होने पर जप्त कर निर्वाचन आयोग भेज दी गई है। पुलिस द्वारा हर आने जाने वाली गाड़ी की जांच पड़ताल निरंतर कि जा रही है, बिना जांच के किसी भी गाड़ी को जिले के अंदर प्रवेश नही दिया जा रहा है।

गोबिंदगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही NDPS ACT के मामले में 8 महीने से फरार 30000 हजार के तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनकर, डीएसपी मुख्यालय श्रीमति हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल को स्टाफ सहित मिली बड़ी सफलता 1000 शीशी कोरेक्स के जब्ती के मामले में 30000 हजार के 8 महीने से फरार तीन आरोपीयो को दो अलग-अलग मामलों में किया गिरफ्तार थाना गोविंदगढ़ में अपराध क्रमांक 234/23 ,309/23, धारा 8/21,22 NDPS, 5/13 औषधि अधिनियम के तहत

आरोपी.1 देवेंद्र द्विवेदी पिता माधव प्रसाद द्विवेदी उम्र 63 वर्ष निवासी बांसा देवीन टोला

.2 अजीम खान उर्फ नूर पिता अब्बास खान उम्र 25 वर्ष निवासी गोविंदगढ़

.3. तालिब खान पिता हामिद खान उम्र 24 वर्ष निवासी गोबिंदगढ़ सभी थाना गोविंदगढ़ पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया था जो उक्त आरोपी मामले में लगातार फरार चल रहे थे मुखबिर की सूचना पर थाना गोविंदगढ़ की पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जाहा से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कार्यवाही में मुख्य भूमिका

थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ,उप निरी.सुशील सिंह स.उपनिरी.आर.जी वर्मा स. उपनिरी. संतोषी सिंह प्रधान आर.गंगा सेन, आर.विपिन सिंह आर.रवि बुनकर आर.राहुल पाण्डेय आर.उपेन्द्र सिंह बघेल,आर. कौशलेंद्र सिंह आर.सुंदरम मिश्रा आर. नीलेश सै. सुधाकर मिश्रा

कलेक्टर ने 13 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।

जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शिवम उर्फ शिवानंद पाण्डेय निवासी महिदल हाल मुकाम ढेकहा रीवा, शिवा उर्फ मोहित यादव निवासी चोरहटा हाल मुकाम ढेकहा रीवा, सचिन पाठक निवासी बरौली ठकुरान, बिपिन पाठक निवासी बरौली ठकुरान, विकास केशरवानी निवासी वार्ड क्रमांक 9 चाकघाट तथा मोहम्मद रफीक उर्फ कल्लू निवासी गोरगांव 165 को जिला बदर के आदेश दिया है। इसी तरह आदतन अपराधी बृजेश उर्फ सोनू सिंह निवासी लौरी नम्बर एक, पुष्पराज मिश्रा निवासी बधरी, सौरभ सिंह निवासी तिलखन, मोहित सिंह निवासी गभुआनी, रवि शर्मा निवासी टीकर जकीरा टोला, देवी लोनिया निवासी वार्ड क्रमांक 5 पुराना बस स्टैण्ड रीवा तथा पंकज मिश्रा मनिकवार नम्बर दो को भी जिला बदर के आदेश दिए गए हैं।

रीवा जिला 15 जुलाई तक के लिए जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

कलेक्टर ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रतिबंधों के दिये आदेश

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।

जिले में विभिन्न कार्यों के लिए भू-गर्भीय जल स्त्रोतों के अत्याधिक दोहन एवं तापमान बड़ने के साथ जल स्तर में तेजी से गिरावट के कारण जिले में आसन्न पेयजल संकट के कारण कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने रीवा जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के तहत जिले में 15 जुलाई 2024 तक किसी भी शासकीय भूमि पर स्थिति जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू उपयोग को छोड़कर पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले के सभी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतों जिनमें नदी, नाले, स्टाप डैम, सार्वजनिक कूप एवं अन्य जल स्त्रोत शामिल है

फसल की सही कीमत नहीं मिलने पर किसानों का हंगामा, अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

ग्वालियरः शहर के दीनापुर गल्ला मंडी में किसानों का हंगामा देखने को मिला। अपनी फसल की सही कीमत नहीं मिलने कपर किसानों ने व्यापारियों और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। नारेबाजी कर रहे किसानों का आरोप है कि उन्हें फसलों के सही दाम नहीं दिए जा रहे हैं। जबकि कुछ दिन पहले की ही बात की जाए तो दम बिल्कुल सही थे, लेकिन जैसे ही मंडी में आवक बड़ी है तो फसलों के दाम कम कर दिए गए हैं।किसानों का आरोप है कि 10 दिन पहले सरसों का भाव 5600 दिया जा रहा था, लेकिन मंडी में जैसे ही आवक बढ़ने लगी है। तो अधिकारियों ने व्यापारियों से सांठ गांठ कर दाम कम कर दिए गए हैं। जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिसे पैसे की अधिक आवश्यकता है वह तो मजबूरी में अपनी फसल बेच रहा है। लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। किसान अपनी बात आचार संहिता के चलते नहीं कर रहे विरोध किसानों की माने तो उनका कहना है कि हम किसी प्रकार का उधम या विरोध प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। हम तो अपनी बात कहकर अपना हक मांग रहे हैं। किसानों का कहना है कि आचार संहिता लग चुकी है और इस दौरान हम किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य से भी कम दामों पर उनकी फसलों को खरीदा जा रहा है।

संपादकीय

ओटीटी पर चाबुक

ओवर द टॉक यानि ओटीटी प्लेटफार्म्स पर आजकल वैब सीरीज ने तहलका मचाया हुआ है। कुछ वैबसीरिज का कटेंट तो आम जिन्दगी से जुड़े विषयों पर आधारित है लेकिन अधिकतर वैबसीरीज तो केवल अश्लीलता, हिंसा और गाली–गलौच ही परोस रहे हैं। जिस तरह की सामग्री ओटीटी पर परोसी जा रही है उसे लेकर कई बार विवाद भी गहरे चुके हैं। कई वैबसीरीज धार्मिक भावनाओं को आहत करते दिखाई दे रहे हैं तो कई हिंसा और क्रूरता को प्रोत्साहित करते दिखाई दे रहे हैं। इस तरह का प्रस्तुतिकरण इसके समान है कि एक व्यक्ति एक रिहायशी कालोनी में इस आधर पर कचरा फैलाता है कि कालोनी में पहले से ही बहुत गन्दगी है। इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की तो पहले ही बाढ़ है और अब ओटीटी दिन–रात अश्लीलता की गंदगी फैला रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी पर अश्लीलता परोस रहे 18 प्लेटफार्म्स को ब्लॉक कर दिया है। उनके सम्बन्धित 19 वैबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल पर भी कार्रवाई की गई है। यह एक्शन आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व अधिनियम सहित कई कानूनों के उल्लंघन के आधार पर लिया गया है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बार–बार क्रिएटिव लिबर्टी की आड़ में अश्लीलता, आपत्तिजनक और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्म की जिम्मेदारी पर जोर देते रहे हैं। सरकार बार–बार यह कहती है कि आईटी नियम 2021 के तहत ओटीटी प्लेटफार्मों को स्व–नियमन यानि सैल्फ रैगूलेशन पर जोर देना चाहिए लेकिन ओटीटी प्लेटफार्म्स सारी हदें पार कर रहे हैं। देश में फिल्मों के लिए सैंसर बोर्ड है लेकिन ओटीटी प्लेटफार्मों के पास स्ट्रीम की गई सामग्री कोः नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक संस्था नहीं है। ओटीटी सेवाएं दर्शकों को सीधे इंटरनेट के माध्यम से प्रदान की जाती हैं और सरकार ऐसे प्लेटफार्म को माध्यम मानती है जहां वे अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकते। हालांकि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी कम्पनियों के लिएदिशा–निर्देश जारी कर रखे हैं लेकिन वह भी ज्यादा ठोस नहीं लगते। पहले कानून की जरूरत महसूस नहीं होती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में एक ऐसी संस्था की जरूरत महसूस की जा रही है जो ओटीटी प्लेटफार्मों द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री को नियंत्रित करे। ब्रिटेन, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, तुर्की, सऊदी अरब और कुछ अन्य देशों में ओटीटी प्लेटफार्मों को किसी भी सार्वजनिक सेवा प्रसारक की तरह जांच का सामना करना पड़ता है। ओटीटी पर सैंसरशिप को लेकर समाज में भी अलग–अलग विचार सामने आते रहे हैं।एक सर्वेक्षण के अनुसार, 57 प्रतिशत लोग (लगभग 1005), ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के लिए आंशिक सेंसरशिप का समर्थन करते हैं। उनका मानना है कि ऐसे प्लेटफॉर्म पर बहुत सारी आपत्तिजनक सामग्री यानी जनता के देखने के लिए अनुपयुक्त सामग्री डाली जाती है। सेंसरशिप का समर्थन करने वाले अधिकांश लोग 40 वर्ष से अधिक आयु के वयस्क हैं। हालांकि, इस तरह की सेंसरशिप के खिलाफ सबसे मजबूत तर्क यह है कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर सामग्री सब्सक्रिप्शन ऑन डिमांड है, जहां दर्शकों के पास भुगतान करने और क्या देखना है यह चुनने का विकल्प होता है। इसके अलावा, फिल्मों की चोरी एक और कारक है जिसके कारण फिल्म निर्माता ओटीटी का रास्ता अपनाते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे कलाकार हैं जिनके पास सिनेमा के माध्यम से अपने रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है, ओटीटी उनके लिए एक बड़ी सफलता के रूप में आया है। शायद यह मनोरंजक कहानी बनाने के लिए एक योग्य आधार प्रदान करता है और यही कारण है कि अधिकांश दर्शक ऐसे प्लेटफार्मों द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री की ओर आकर्षित होते हैं। वे राजनीतिक दलों की भागीदारी से निडर हैं और इसलिए साहसिक आख्यान और कथानक प्रस्तुत करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक–राजनीतिक मुद्दों को चित्रित करते हैं जो किसी न किसी कारण से मुख्यधारा के सिनेमा में शामिल नहीं हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म किस तरह से लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाने, उनके विचारों प्रभावित करने और कंपनियों के उत्पादों की खरीदारी बढ़ाने के लिए उनकी रुचि बदलने के लिए किस हद तक पहुंच चुके हैं, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। यही काम अब ओटीटी प्लेटफार्म भी करते नजर आ रहे हैं। ओटीटी प्लेटफार्म के दर्शकों में भारी वृद्धि हो रही है और यह प्लेटफार्म निरंतर प्रगति कर रहे उद्योग का रूप ले चुका है। सवाल यह भी है कि जनता क्या पहनेगी, क्या खाएगी, क्या देखेगी इस संबंध में फैसले सरकार नहीं ले सकती लेकिन देश की संस्कृति और संस्कारों को बचाए रखने के लिए कहीं न कहीं तो अंकुशलगाना ही पड़ेगा। अश्लील, अनैतिक और महिलाओं को आपत्तिजनक ढंग से पेश करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की जरूरत है। वर्तमान परिदृश्य में यह साफ है कि इंटरनेट सामग्री स्ट्रीमिंग के स्व–नियामक निकाय द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता। इसलिए ऐसे नियमों की जरूरत है जो लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखें और एक स्वस्थ तंत्र कायम हो सके।

चुनावी चन्दे का गोरख धंधा!

सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्कीम को असंवैधानिक घोषित करने के बाद यह आदेश भी दिया था कि चुनावी बांड जारी करने वाले स्टेट बैंक को सभी बांड प्राप्तकर्ताओं तथा उन्हें खरीदने वालों की सूची भी जारी करनी चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2018 की चुनावी बांड स्कीम को गैर कानूनी करार दिये जाने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह पैदा हो रहा है कि इस योजना का लाभ देश के लगभग सभी बड़े राजनैतिक दलों ने उठाया और चुनावी चन्दा विवादास्पद कम्पनियों से लिया? बेशक कुल चुनावी चन्दे का सबसे बड़ा भाग सत्ताधारी भाजपा के खाते में गया परन्तु अन्य राजनैतिक दलों ने भी चन्दा लेने से गुरेज नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्कीम को असंवैधानिक घोषित करने के बाद यह आदेश भी दिया था कि चुनावी बांड जारी करने वाले स्टेट बैंक को सभी बांड प्राप्तकर्ताओं तथा उन्हें खरीदने वालों की सूची भी जारी करनी चाहिए। काफी हील–हुज्जत के बाद और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कड़ा रुख अपनाये जाने के बाद बैंक ने यह सूची भी जारी कर दी परन्तु यह जानकारी छिपा ली कि कुल बांड धनराशि में से किस कम्पनी के कितने बांड किस राजनैतिक दल को दिये गये। अब यह जानकारी भी स्टेट बैंक आगामी सोमवार तक उपलब्ध करा देगा जिसे न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव आयोग सार्वजनिक कर देगा। अभी तक जो जानकारी उपलब्ध हुई है उसके अनुसार 2018 में संसद में कानून बना कर लागू की गई चुनावी बांड स्कीम के तहत अप्रैल 2019 से फरवरी 2014 तक कुल 12, 156 करोड़ रुपये के बांड राजनैतिक दलों ने भुनाये जिन्हें 1300 से अधिक कम्पनियों ने स्टेट बैंक से खरीदा था। इन कम्पनियों ने ये बांड खरीद कर अपनी मनपसन्द राजनैतिक पार्टियों को दिये। इनमें सर्वाधिक आधी के लगभग 6060 करोड़ की धनराशि के बांड भारतीय जनता पार्टी के पास गये जबकि दूसरे नम्बर पर प. बंगाल की ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी रही जिसे 1609 करोड़ के बांड मिले। तीसरे नम्बर पर कांग्रेस पार्टी 1422 करोड़ के बांड पाकर रही। चौथे नम्बर पर तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (1215करोड़रु.) व पांचवें नम्बर पर ओडिशा की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल (775 करोड़ रु.) प्राप्त कर रही। बांड खरीदने वाली 1300 कम्पनियों में सर्वाधिक बांड चुनीन्दा बीस कम्पनियों ने खरीदे । इनमें सबसे ऊपर लाटरी का कारोबार करने वाली तमिलनाडु की फ्यूचर गेमिंग व होटल सर्विसेज प्रा. लि. कम्पनी रही जिसने कुल 1368 करोड़ रुपए के बांड खरीदे। दूसरे नम्बर पर हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग (966 करोड़ रु.), तीसरे नम्बर पर क्विक सप्लाई चेन (410 करोड़रु.), चौथे नम्बर पर हल्दिया इंजीनियरिंग (377 करोड़रु.), पांचवें नम्बर पर वेदान्ता लि. (376 करोड़ रु.), छठे नम्बर पर एस्सल माइनिंग (225 करोड़ रु.), सातवें वेस्टर्न यूपी पावर (220 करोड़ रु.), आठवें नम्बर पर भारती एयर टेल (198 करोड़ रु.), नौवें मन्बर पर केवेन्डर फूड पार्क (195 करोड़ रु.) व दसवें नम्बर पर एम.के. जे.एंटर प्राइजेस (192) करोड़ रु.) रही। इन प्रथम दस कम्पनियों में से अधिसंख्य के खिलाफ आरोप लग रहा है कि इन्होंने प्रवर्तन निदेशालय व आयकर विभाग व सीबीआई के छापों के डर की वजह से चुनावी बांड खरीद कर भाजपा व अन्य दलों को चन्दा दिया। इनमें से कुछ के बारे में जो तथ्य प्रकाश में आ रहे हैं वे बता रहे हैं कि कुछ ने तो छापा पड़ जाने के बाद चुनावी बांड खरीदे। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि ऐसा इन कम्पनियों ने अपने खिलाफ दर्ज मामलों को रफा–दफा करने के लिए किया। अब सवाल यह है कि यदि यह सच है तो इन कम्पनियों ने विपक्षी पार्टियों को चन्दा क्यों दिया क्योंकि कुल 12सौ करोड़ रु. के बांडों में से 600 करोड़ रु. के बांड विपक्षी दलों के खातों में ही गये हैं? दूसरा सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि यदि प्रवर्तन निदेशालय या आयकर विभाग ने ऐसी कम्पनियों की कुछ सम्पत्ति को अनियमतताओं के चलते जब्त किया तो उनके द्वारा दान दिया गया चुनावी चन्दा भी दागी रकम में तब्दील नहीं हो गया जिसमें सभी दलों की हिस्सेदारी है? इस प्रकार पूरे कुएं में ही भांग डाल कर ऐसी कम्पनियों ने उसका पानी सभी राजनैतिक दलों को पिला दिया। अतः एक–दूसरे पर आरोप लगाने का क्या औचित्य बन सकता है। तीसरा सवाल यह भी है कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड स्कीम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था तो विपक्षी दलों ने अपनी तरफ से ही चन्दा देने वाली कम्पनियों के नामों का खुलासा क्यों नहीं किया जिससे वे जनता की नजर में पाक–साफ बने रहने का उपक्रम कर सकती थीं ? सवाल और भी बहुत बड़े–बड़े हैं। इनमें मुख्य सवाल यह है कि जब अपने बजट भाषण के दौरान चुनावी बांड स्कीम को समाहित करते हुए स्व. वित्तमन्त्री अरुण जेतली लाये थे तो तभी यह स्पष्ट था कि इसके पीछे चुनावी चन्दे को अंधेरे में रखने की रणनीति छिपी हुई है क्योंकि इसमें दानदाता के

नाम का खुलासा करने का कोई प्रावधान नहीं था। उस समय संसद में विपक्षी दलों ने इसका विरोध भी किया था मगर बाद में वे खुद भी इस स्कीम में शरीक हो गये। इसी बजट भाषण में स्व. जेतली ने विदेशी कम्पनियों की परिभाषा भी बदल दी थी जिससे उनकी भारत में स्थित शाखाएं चुनावी चन्दा दे सके और इसे पिछले समय से लागू किया था। इसकी वजह एक ही थी कि कांग्रेस व भाजपा पूर्व में ऐसी ही कम्पनियों से चुनावी चन्दा लेने के मामले में फंसी हुई थीं।

अनुभवी, परिपक्व, चिंतक समाज और देश के दिग्दर्शक, राष्ट्र की धरोहर

संजीव ठाकुर

यह विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है। वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है समय की रफ्तार के साथ समाज मे अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे–धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ–साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे–धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरु कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा

अपने मां–बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन–सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है। व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो, अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है। वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।



सावधान चुनाव आचार सँहिता लागू आहे

प्रेम शर्मा

निश्चित तौर पर विधानसभा का चुनाव उस राज्य की जनता का भविष्य तय करता है। जबकि लोकसभा का चुनाव पूरे देश के भविष्य की धुरी है। केन्द्र सरकार की नियत और योजनाओं का बड़ा असर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,जिला पंचायत एवं स्थानीय निकायों तक देखा जाता है। अब जबकि 47 दिनों की चुनाव प्रक्रिया का बिगुल आयोग ने बंजा दिया है। तो इतना तय है कि केवल राजनैतिक दल, सत्तासीन नेता, विपक्षी नेता, मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का एक दायरा दय कर दिया गया है। क्योंकि यह दौर अत्यानुधिक तकनीक और सोशल मीडिया का है। जगह जगह कैमरे, गांव गांव मोबाईल कैमरे होने के कारण आपकी एक छोटी सी गल्ती आपका जीवन तबाह कर सकती है। निश्चित तौर पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए मैदान में आने वाले दल भी इसी टोह में रहते है कि कब उसे विपक्षी की कोई आचार संहिता उल्लघन की वीडियों, फोटोज आदि मिल जाए और उस पर हमला कर सके। यही कारण है कि सरकारी मशीनरी के साथ और कई नजरे आपके आसपास तैनात रहती है। ऐसी स्थिति में अगर आपसे एक चूक हुई तो इससे आपका भविष्य चौपट होना तय है। यही नही सोशल मीडिया के इस दौर में सत्तासीन दिग्गज नेता भी कई बार इसकी चपेट में आ चूके और उनका कैरियर खत्म हो गया। ऐसे हजारों उदाहरण है लेकिन लबोलुआब यह कि चुनाव आचार संहिता के दौरान यह समक्ष ले कि कोई न कोई आपका पीछा कर रहा है। राजनीतिक दल या नेता ही नहीं, अगर आम आदमी भी आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उसे भी जेल की हवा खानी पड़ सकती है। यह जान ले कि चुनाव के दौरान सभी सरकारी कामकाज बंद नहीं होते हैं. लिहाजा, अगर कोई सरकारी अधिकारी आपके काम को करने से इनकार कर देता है। यह नियम है कि आपकी जिंदगी से जुड़े जरूरी काम आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सूरत में बंद नहीं होंगे। लेकिन आयोग ने इसके अलावा कुछ काम काजों पर अवश्य रोक लगाई है। जैसे लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने पर प्रत्याशी ऐसा बयान नहीं दे सकते जिससे किसी व्यक्ति की शालीनता और नैतिकता का हनन होता हो। कोई भी प्रत्याशी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा कि जो आपसी घृणा पैदा करे और वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा। सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से लिखित अनुमति लेना जरूरी है। यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तहत कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते।किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते। यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यों से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी। सरकारी भवनों में पीएम, सीएम, मंत्री, राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो निषेध होंगे। सरकार की उपलब्धियों वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य मीडिया में विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। अब बॉत करें मंत्री–विधायक के बारे में तो चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री अपने जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं कर सकते। सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अतिथि गृहों में ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करेंगे और न ही वादा करेंगे। किसी परियोजनाओं या योजनाओं की आधारशिला नहीं रखेंगे। सड़क बनवाने, पीने के पानी को लेकर काम शुरू करवाने का वादा भी नहीं कर सकते। मंत्री अपने आधिकारिक दौरे के समय चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रचार के लिए सरकारी गाड़ियों, विमानों या किसी दूसरे सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। सरकारी खर्च पर चुनावी रैली या चुनाव प्रचार नहीं कर सकते।सरकारी वाहनों का इस्तेमाल सिर्फ अपने निवास से लेकर दफ्तार तक कर सकते हैं। सरकारी खर्चे पर कोई पार्टी या इफ्तार पार्टी का आयोजन नहीं कर सकते। सत्ताधारी पार्टी सरकारी पैसे से सरकार के काम का प्रचार–प्रसार नहीं कर सकती। विधायक या मंत्री अपने विकास फंड से कोई नई राशि नहीं जारी कर सकते। कोई भी नया सरकारी काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी जारी नहीं होंगे। ध्यान रहे अगर कोई आम आदमी भी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उस पर भी आदर्श आचार संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रिठौराकलां थाना पुलिस को मिली बड़ी उपलब्धि

42 घण्टे में किया 77 लाख 78 हजार रुपये की चोरी का खुलासा

मशरूका बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार

22मार्च को फरियादी भानू वाल्मीक निवासी ग्राम बड़वारी थाना रिठौराकलां ने थाना हाजा पर उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि करीबन 40 दिन पहले उसने ग्राम बड़वारी में स्थित अपनी 06 बीघा जमीन बेची थी और प्राप्त रकम करीब 77 लाख 78 हजार रुपये को अपने घर पर अलमारी के पीछे बैग में रख दिया था, यह कि दिनांक 24.03.2024 एवं 22.03.24 की दरमियानी रात को अज्ञात चोरो द्वारा उसके घर में घुसकर अलमारी के पीछे रखे हुए बैग व करीबन 77 लाख 78 हजार रुपये चोरी कर लिए गए है, फरियादी की उकते रिपोर्ट पर से थाना रिठौराकलां पर अपराध क्रमांक 29 / 2024 अंतर्गत धारा 457, 380 भांदवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के बाद पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा उक्त चोरी की घटना में अज्ञात आरोपी की शीघ्र पतासी, गिरफ्तारी एवं माल-मशरूका की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी रिठौराकलां को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी बामौर के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रिठौराकलां द्वारा उक्त चोरी की घटना के आरोपीगण की पतारसी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर मुखबिर मामुर किए गए, एवं फरियादी से संदेहियों के संबंध में पूछताछ की जाकर सायबर सेल मुरैना स समन्वय स्थापित कर तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए। प्रकरण की विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों अनुसार स्वयं फरियादी भानू बाल्मीक की पुत्रवधु की उक्त घटना. में संलिप्तता. प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा फरियादी की पुत्रवधु (संदेही) से हिकमतअमली से पूछताछ की गई तो आरोपिया द्वारा अपने दूर से रिश्तेदार निवासी शेरपुर थाना एंडोरी भिण्ड के साथ अपने ही-ससुराल में उक्त चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया गया एवं चोरी किया हुआ मशरूका उसके रिश्तेदार द्वारा ले जाया जाना बताया गया, आरोपिया के धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के मैमो के आधार पर प्रकरण के दूसरे आरोपी निवासी शेरपुर थाना एंडोरी जिला भिण्ड को उसके घर पर.दबिश देकर गिरफ्तार किया गया, आरोपी द्वारा 24.03.24 एवं 22.03. 24 की दरमियानी रात प्रार्थी भानू वाल्मिकी नि. ग्राम बड़वारी थाना रिठौरा कलाँ के घर पर चोरी करने का जुर्म स्वीकार कर, चोरी किया हुआ मशरूका 77 लाख 78 हजार रुपये आरोपी के घर से घटना के 42 घण्टे के अंदर बरामद कर प्रकरण के 02 आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। जप्त मशरूका- चोरी की गई रकम करीबन 77 लाख 78 हजार रूपये जप्त किये गये है।

उक्त कार्यवाही में कार्यवाहक निरी. जितेन्द्र दोहरे थाना प्रभारी रिठौराकलाँ, कार्यवाहक निरीक्षक दीपेन्द्र यादव प्रभारी सायबर सेल, उनि. अभिषेक जादौन सायबर सेल, उनि. मेघा सोनी, सउनि कमल दोहरे, प्रआर, अरुण सिंह, प्र.आर. राजकुमार, प्र.आर. दिनेश सिंह, प्र. आर. सुबोध भटेले, प्रआर. शिशुपाल सिंह, प्रआर. सुदेश कुमार, आर. शेर सिंह, आर. सोनेन्द्र सिंह, आर. अभिषेक सिंह, आर, सुरेन्द्र सिंह, आर. प्रदीप सिंह, आर. अनिल सिंह, आर, केशव सिंह, आर. इन्द्रजीत सिंह, आर, मुनिश्वर भदौरिया, म. आर. पूजा शर्मा, म.आर. मीनू यादव थाना रिठौरा कलाँ आर सतेन्द्र सिंह यादव, आर. रुपसिंह एसडीओपी कार्यालय बामौर का सराहनीय भूमिका रही है।

पहाडगढ़ थाना पुलिस ने अवैध रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर ट्रोली पकड़ा

पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा जिले में रेत व पत्थर का अवैध रूप से परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिला मुरैना के समस्त एसडीओपी स्तर के अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चंबल नदी के अवैध रेत परिवहनग उत्खनन /भण्डारण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना के निर्देशन एवं एसडीओपी कैलारस के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 23.03.2024 को निरिक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी पहाडगढ़ को जरिए मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक स्वराज 735 ट्रैक्टर जिसकी ट्रोली में चंबल नदी का अवैध रेत भरा हुआ है, कैलारस से कन्हार तरफ ले जाया जा रहा है, मुखबिर की-उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी पहाडगढ़ द्वारा मय हमराह फोर्स के कैलारस-पहाडगढ़ रोड पर चैकिंग लगाई गई, चैकिंग के दौरान एक स्वराज 735 ट्रेक्टर कैलारस तरफ से आता दिखाई दिया, जिसके चालक द्वारा पुलिस को- देखकर ट्रेक्टर को तेज गति में चलाकर भागने का प्रयास किया गया, जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकड़कर टेक्टर-ट्ट्रोली को चैक किया गया, तो उसकी ट्रोली में चंबल नदी का अवैध रेत भरा हुआ पाया गया, उक्त ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित% नही था तदोपरात उक्त ट्रैक्टर- (इंजन नम्बर 39-354/प्राट00883गत व चैसिस नम्बर 7/गार304284225) को मय चंबल नदी के अवैध रेत से भरी हुई ट्रोली के विधिवत जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध थाना पहाडगढ़ पर अपराध क्रमांक 44 / 24 अंतर्गत धारा 379,444 ताहि.4( ), 240), खान एवं खनिज (विकास का .विनियमन) अधिनियम 4957 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी पहाडगढ़ मय हमराह फोर्स उनि एन.के. गौरसिया, सउनि रामबाबू निर्वोरिया, प्रआर.देवेन्द्र बघेल, प्रआर. श्रीधर रावत, आर. प्रदीप जाट, आर. अर्जुन, आर. विजय, आर.सुमित, आर.राजेश, उमेश यादव, आर. विक्रम भदौरिया, आर. हरेन्द्र भदौरिया, आर. मोहन अलावा को सराहनीय भूमिका रही है।

विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में किया गया सामुदायिक सभा का आयोजन

जन समुदाय को टी वी एवं एचआईवी एड्स के प्रति किया गया जागरूक, क्षय रोगियों को सामूहिक रूप से वितरण किया गया पोषण

विश्व क्षय दिवस 24 मार्च 2024 के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा के निर्देशन व मार्गदर्शन में क्षय इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोरा द्वारा सी एच सी पर सामुदायिक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह सैमिल, एम ओ टी सी डॉ कुसवेंद सिंह सिकरवार, एस टी एस दिनेश पचौरी, एस टी एल एस रणवीर गोयल,आई सी टी सी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, टी बी एच वी रघुराज शर्मा, टी बी चेम्पियन हरवीर अर्गल, लेब टेक्नीशियन पवन बघेल, जी एल आर ए धर्मेंद्र एवं समाज सेवी लाखन सिंह कुशवाह , रामेश्वर सिंह ठेकेदार, तथा एक सैकड़ा से अधिक क्षय रोगी व उनके परिवार जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ राजेंद्र सिंह सैमिल ने कहा कि आप सभी क्षय रोगी नियमित रूप से टी बी बीमारी की दवाइयों का सेवन करते रहें,आप के द्वारा दवाइयों के नियमित सेवन करने से टी बी की बीमारी जड़ से समाप्त हो जावेगी तथा आप पहले जैसे स्वस्थ हो जायेंगे इस अवसर पर डॉ कुसवेंद सिंह सिकरवार ने क्षय रोगियों को इलाज के दौरान रखने वाली सावधानियों एवं परिवार के लोगों को टीबी रोग से बचाव के बारे में समझाइश दी तथा एस टी एस दिनेश पचौरी द्वारा टीबी रोग की पहचान ,लक्षण, निदान, उपचार की विस्तृत जानकारी के साथ ही भारत सरकार का संकल्प 2025 तक भारत देश से टीबी रोग समाप्त करने का संकल्प याद दिलाया एवं उपस्थित जनसमूह के साथ -टीबी हारेगा ,देश जीतेगा- के नारे लगाए गए. । एस टी एल एस रणवीर गोयल द्वारा रोगियों को उपचार के दौरान प्रत्येक दो माह पर फॉलोअप जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया एवं अपनी दिनचर्या में उचित पौष्टिक आहार लेने के साथ स्वास्थ्य संबंधी अन्य जांचे नियमित रूप से कराने को कहा गया । कार्यक्रम में आई सी टी सी के परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा उपस्थित लोगों को आई सी टी सी की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया तथा एचआईवी से ग्रसित होने के चार कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि जो लोग टी बी रोग से ग्रसित हैं या जिनमें टीबी रोग से संबंधित लक्षण दिखाई दें रहें हैं तो उन सभी लोगों को अपनी एचआई वी की जांच अवश्य करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के गुप्त रोग से ग्रसित व्यक्ति भी आईसीटीसी पर आकर उचित परामर्श लेकर अपनी जांच करा सकते हैं इस अवसर पर उन्होंने एचआईवी एड्स,टी बी बीसीजी का टीका तथा सिफलिस, हेपेटाइटिस बी आदि के बारे में भी लोगों को जागरूक किया कार्यक्रम में डॉटस पद्धति से अपना उपचार ले रहे लगभग 60 से अधिक रोगियों को सामूहिक रूप से पोषण आहार का वितरण किया गया।

सत्यप्रतिशत मतदान करने के लिए रंगोली सजाकर स्कूलों में आंगनबाड़ियों में मतदान केन्द्रो पर लोगों को मतदान के लिए किया गया जागरूक

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर व स्कूलों में तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोलिया सजाकर, तथा शपथ दिलाकर लोगों को सत प्रतिशत मतदान करने के लिए आज प्रेरित किया गया इस

पोरसा। जिलाधीश अंकित अस्थाना,मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले जिला पंचायत मुरैना, के निर्देश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सीईओ देवेंद्र जैन, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सपना यादव पोरसा ,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला अधिकारी श्री सतीश सिंह तोमर,, एवं ब्लॉक समन्वयक श्री राधा शरण पुरोहितके तत्वाधान में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता प्रोग्राम स्वीप के अंतर्गत प्रत्येक सभी नगरीय एवं शहरी बूथो पर रंगोली सजाकर तथा सपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया आज ब्लॉक कि ज्यादातर मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कार्यक्रम आयोजित किए गए शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरगपुरा, शासकीय स्कूल बुधारा, शासकीय स्कूल निवाजी का पूरा ,शासकीय स्कूल नंदकापुरा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनेटा ,सहित ज्यादातर स्कूल व मतदान केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोलिया सजाकर तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कार्यक्रम आयोजित किए गए,,,,स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया घर-घर गुलाल लगाना है मतदान का प्रतिशत बढ़ता है होली के रंग मतदान के संग इस आशय से सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाताओं को 7 मई में को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में बढ़-चढ़ कर भागीदारी लेने के लिए शपथ दिलाई गई रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया,, उक्त कार्यक्रम चक्रपान सिंह एवं मिथलेश तोमर के द्वारा कई जगह कार्यक्रम आयोजित हुए।

1600 वर्ग फुट की रंगोली के साथ ली 100 प्रतिशत मतदान कराने की शपथ

आज दिनाक् 23/03/2024 को कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं मान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं दिमनी विधान सभा से येआरओ मेघा तिवारी के निर्देशन एवं जिला परियोजना प्रबंधक एवम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंबाह श्रीमती सुमनचक्र चौहान के सतत् निगरानी में जनपद परिसर अंबाह में 1600 वर्ग फुट की रंगोली बनाकर लोकसभा चुनाव 2024 मे 100प्रतिशत मतदान कराने की शपथ ली। इस अवसर पर दिमनी विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी मेघा तिवारी जनपद सीईओ श्रीमती सुमनचक्र चौहान एवं महिला बाल विकास अम्बाह के परियोजना अधिकारी अजय प्रताप, म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अम्बाह के विकासखंड प्रबंधक दिवाकर शर्मा, अमित राजोरिया, दुष्यंत शाक्य, मुकेश बुनकर, सोनू, राकेश लोधा साथ समस्त जनपद स्टाफ एवं महिला मित्र व पुरुष मित्र, आगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया

कहानी विकासखंड घंसौर के नगर कहानी खास एवं रम्पुरी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से नामांकुर संस्थान देवरस सेवा संस्थान के आयोजन से विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया जिसमें उपस्थित जनों ने जल के संरक्षण का संकल्प लिया एवं नदी तालाब को संरक्षित करने एवं स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया जिसमें उपस्थित संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सेन सचिव पहलाद मरावी अंकित झारिया विनय बदेवार धर्मेंद्र कुमार अंकित कुमार विमला बाई एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

भगत सिंह शहादत दिवस, लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में किसानों ने मनाया

कैलारस - संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से दिल्ली में आयोजित किसान महापंचायत के संकल्प के परिपालन में देशव्यापी आह्वान पर ग्रामीण क्षेत्रों में शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का शहादत दिवस लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में किसानों ने गांव-गांव में मनाया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि हम शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के साथ-साथ जनता की वास्तविक मुक्ति का सपना देखा था। आज भी देश में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी का कानून बनाने के लिए लड़ रहे हैं, सरकार गोलियां चला रही है। किसान शहीद हो रहे हैं। किसानों, श्रमिकों, आम जनता की हालात बदहाल है। सरकार सुनने को तैयार नहीं है। लेकिन हम भी पीछे नहीं हटेंगे। देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए, संविधान को बचाने के लिए, भाजपा सरकार को हराएंगे। किसान विरोधी भाजपा सरकार को लोकसभा चुनाव में हराएंगे। किसानों की वास्तविक जीत तभी होगी। इस मौके पर किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने विचार व्यक्त करते हुए किसानों से गांव-गांव में अभियान चलाने किसानों को जागृत कर लामबंद करने की अपील की। इस मौके पर बनवारी लाल, रामनारायण सिंह, मनीराम, मनोज कुमार, सियाराम सिंह धाकड़, प्रीतम सिंह, गिर्राज धाकड़, धर्मेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

श्रीनगर में स्वयंसेवको ने नूक्कड़ नाटक कर मतदाताओं से वोट देने की अपील

गोटेगांव अंतर्गत ग्राम श्रीनगर स्थित श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ.शोभाराम मेहरा प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक के निर्देशन में एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशीष ठाकुर प्रो.अकिता नामदेव के मार्ग दर्शन में नरसिंहपुर जिले के मत दान में प्रथम आने के उद्देश्य से ग्राम श्रीनगर में नुक्कड़ नाटक कर मतदान के महत्व को बताकर ग्रामवासियों को लोकसभा चुनाव में अपने मत का सही उपयोग करने की जानकारी देते हुए मत दान करने की शपथ दिलाई,इस अवसर पर प्रो.विवेकजैन प्रो. कमल पटेल राहुलनेमा छत्रपाल पटेल एसपी डेहरिया राजादुबे अंकित नामदेव इंद्रजीत प्रजापति अर्चना सोनी सुनील कहार सत्येंद्र तिवारी भूपेंशसेन चंदन विश्वकर्मा अभिषेक साहू कैंपस एंबेसडर हिमांशु दाहिया खुशी अहिरवार प्रियंका विश्वकर्मा रोहितठाकुर पुष्पेंद्र विश्वकर्मा छवि दर्शन सोनिका डहरवार चांदनी कुशवाहा सोनिका ठाकुर मालती ठाकुर वैष्णवी सोनी ओमवती यादव सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय परिवार स्वयंसेवक व ग्रामवासी उपस्थित थे

बारात में आए लोगों की इज्जत कुछ देर ही होती है- सुनील उईके

कॉंग्रेस की बैठक में भाजपा एवं कॉंग्रेस छोड़ भाजपा में गए लोगों पर जमकर बरसे नेता, बैठक में कार्यकर्ताओं की बम्पर उपथिति से खिले कांग्रेसियों के चेहरे, बैठक में भाजपा से ज्यादा कॉंग्रेस के बागियों पर बरसे कार्यकर्ता, बैठक में कॉंग्रेसियों की उपस्थिति से पैसे लेकर अफवाह फैलाने वालों के उड़े होश

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को जुन्नारदेव के श्रद्धा लॉन में ब्लॉक कांग्रेस की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। जिसमे हर बूथ से प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। जिले एवं जुन्नारदेव ब्लॉक से कांग्रेस नेताओं के भाजपा में जाने की लगातार आ रही खबरों के बीच बैठक में इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पहुंचने से कांग्रेस नेताओ के चेहरे खिल उठे। कार्यकर्ताओं की बम्पर उपस्थिति से कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों के भी होश उड़ गए। बैठक में कांग्रेस नेताओ ने पार्टी छोड़कर जानेवालों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग आज पार्टी छोड़कर गए है ये ही यहाँ पर पार्टी में फूट डालने का काम करते थे। उनके जाने के बाद हम सभी एकजुट होकर उन्हें जमकर सबक सिखाएंगे एवं हमारे नेता कमलनाथ जी के नेतृत्व में नकुलनाथ को भारी मतों से जिताएंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक सुनील उईके ने कहा कि जो लोग भाजपा गए है उनका यहाँ बड़ा सम्मान मिलता था, ये जहाँ आज गए है उनकी थोड़ी बहुत पूछ परख सिर्फ चुनाव तक ही है। चुनाव होते ही इन दल बदलू नेताओं की हालात उन बारातियों की तरह हो जाएगी जैसी बारात की बिदाई के बाद छूट जाने वाले बारातियों की होती है। आज जिस बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यहाँ पर आए है उससे यही सिद्ध हो रहा है कि जो लोग भाजपा में गए है उनके बहकावे में कोई नही आएगा। हमे आगामी लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ जी को हमारे ब्लॉक एवं विधानसभा से ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में पहुंचना है। बैठक में विधायक सुनील उईके के साथ जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फारुख सिद्दीकी, बुधराम पटेल, जगदीश पटेल, डी आर बोनिया, किरेश पवार, काशीराम पटेल, हेमराज पवार, अरुणेश जयसवाल, राजेश पाटिल, कमला भम्मरकर, पद्मावती जयसवाल, सानिया कहार, श्याम यदुवंशी, कैलास यदुवंशी, कैलाश पथरोड, अजय साहू, प्रमोद कहार ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन अरुण साहू एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीईओ चौरई एवं संकुल प्राचार्य द्वारा किया गया शालाओं का औचक निरीक्षण

माध्यमिक शाला मोहगांव खुर्द मिला बंद, दस्तावेजो का नही है संधारण

चौरई विकास खण्ड अन्तर्गत आज विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर के बघेल एवं संकुल प्राचार्य रामजी वर्मा जी एवम कन्या प्राचार्य महेंद्र अवस्थी के द्वारा माध्यमिक आकस्मिक निरीक्षन किया गया। निरीक्षण के दौरान कई शालाओ में घोर अनियमित पाई गई। मुख्य रूप से शासकीय शाला फुटेरा, खैरीखुर्द, माध्यमिक शाला मोहगांव खुर्द एवम शासकीय हाई स्कूल समसवाड़ा का निरीक्षन किया गया। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला मोहगांव खुर्द बंद पाई गई। फुटेरा की शाला मे मोदी सरकार की स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रखी है। विद्यालय स्वच्छता और शिक्षा का प्रथम पड़ाव होता है।अधिकारियो द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवम शीघ्र ही साफ सफाई करन के निर्देश दिए गए। शासकीय हाईस्कूल समसवाड़ा के खस्ताहाल निरीक्षण दल को सबसे खस्ताहाल मिला, शासकीय हाई स्कूल समसवाड़ा। प्राचार्य राकेश राय सिवनी से अप-डाउन करते है। विद्यालय के मेंटेनेंस के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपए शासन द्वारा विद्यालय को दिया जाता है किंतु शासकीय विद्यालय की पुताई तक नहीं की गई है। यहां चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, शौचालय खस्ता हाल पड़े हुए हैं, सबसे अहम बात तो है कि पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद भी यहां पर शासकीय दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण नहीं किया जाना पाया गया, ना ही विद्यालय में निरीक्षण पंजी बनाई गई है, ना दस्तावेजों का सही ढंग से संधारण हुआ है। ज्ञात हो कि शासकीय हाई स्कूल समसवाड़ा छिंदवाड़ा से सिवनी मुख्य हाइवे मार्ग पर स्थित है। यह निर्वाचन का बूथ क्रमांक 72 है। लोकसभा चुनाव सिर पर है, लगातार निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा बूथ का निरीक्षण किया जा रहा है किंतु यहां के प्राचार्य और स्टाफ इनके आदेश को नजरंदाज किया जाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के बघेल चौरई द्वारा सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं कि तत्काल विद्यालय की दशा को सुधार जाए एवं साफ सफाई तुरंत कराई जाए तथा नियमानुसार शासकीय दस्तावेजों का संधारण किया जाना होगा अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड व

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में तथा एस.डी.ओ.पी. पोहरी सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवैध शराब, अवैध हथियार,जिलावदर, गुण्डा बदमाशों, के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। थाना पोहरी के जिलाबदर आरोपी संतोष गिरी पुत्र नारायण गिरी उम्र 40 साल निवासी ग्राम घटाई को जिलादण्डाधिकारी महोदय शिवपुरी के आदेश क्र. 124/रासुअ/2023/2306 दि.30.10.23 के द्वारा पारित आदेश में को 06 माह के लिए जिला शिवपुरी एवं जिले के सीमावर्ती जिले ग्वालियर, गुना, श्योपुर, अशोकनगर सीमा से बाहर जाने हेतु आदेशित किया था जिलाबदर आरोपी संतोष गिरी द्वारा आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक संतोष गिरी पुत्र नारायण गिरी उम्र 40 साल निवासी ग्राम घटाई थाना पोहरी को मुखविर सूचना पर से आज दिनांक 27.03.24 को भैरोंबाबा मंदिर ग्राम घटाई से गिरफ्तार किया गया । आरोपी के विरुद्ध धारा 188 भादवि, धारा 14 म.प्र.रासु.अधि. 1990 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में निरी. रविशंकर कौशल, प्र.आर. 143 कौशलेन्द्र सिंह तोमर, आर.257 मुकेश परमार,आर, 1069 राहुल गुर्जर, आर. 1134 अरविन्द्र कुशवाह,चा. आर.549 राजकुमार, आर. 1075 सूरज टैगोर की सराहनीय भूमिका रही ।

चुनावों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस की बारंटियों पर कार्यवाही जारी

पुलिस थाना पिछोर, दिनारा एवं बैराड़ द्वारा 04 स्थाई बारंटियों का किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-थाना दिनारा पुलिस द्वारा 07 बर्ष से फरार स्थाई वारंटी आरोपी पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री

अमन सिंह राठौर, अति पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग करैरा द्वारा चलाये जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड हेतु अभियान के पालन में आज दिनांक 27.03.2024 को माननीय जे एम एफ सी न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रं. 666/2017 का फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी धर्मेन्द्र जाटव पुत्र छोटेलाल जाटव निवासी ग्राम टोकनपुर थाना करैरा जिला शिवपुरी को ग्राम टोकनपुर थाना करैरा से विधिवत गिरफ्तार किया गया है व स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया ।

उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किये जाने से में थाना प्रभारी दिनारा उ.नि. संतोष भार्गव, सउनि विनोद गौतम , प्र.आर. 252 हिमांशु चतुर्वेदी, प्र. आर. 401 सेवाराम पाण्डे, प्र. आर. 439 मृत्युन्जय सिंह, आर. 726 रामपाल जाट की सराहनीय भूमिका रही ।

बैराड पुलिस द्वारा 4 साल से फरार स्थाई वारंटिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय किया पेश श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड एव श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी संजीव मुले एव एसडीओपी महोदय पोहरी सुजीत सिह भदौरिया के मार्गदर्शन मे लोक सभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुये फरार स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 27.03.2024 को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पोहरी जिला शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 24/2020 के स्थाई वारंटिया प्रेमवती कुशवाह

थाना दिनारा पुलिस द्वारा 07 बर्ष से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौर , अति पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग करैरा द्वारा चलाये जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड हेतु अभियान के पालन में आज दिनांक 27.03.2024 को माननीय जे एम एफ सी न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रं. 666/2017 का फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी धर्मेन्द्र जाटव पुत्र छोटेलाल जाटव निवासी ग्राम टोकनपुर थाना करैरा जिला शिवपुरी को ग्राम टोकनपुर थाना करैरा से विधिवत गिरफ्तार किया गया है व स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया ।
उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किये जाने से में थाना प्रभारी दिनारा उ.नि. संतोष भार्गव , सउनि विनोद गौतम , प्र.आर. 252 हिमांशु चतुर्वेदी , प्र.आर. 401 सेवाराम पाण्डे , प्र.आर. 439 मृत्युनजय सिंह , आर. 726 रामपाल जाट ,की सराहनीय भूमिका रही ।

पत्नि स्व.बाबू कुशवाह उम्र 50 साल निवासी गायत्री कॉंलोनी बैराड थाना बैराड जिला शिवपुरी को कैलारस जिला मुरैना से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

सराहनीय कार्यवाही: निरी मनोज राजपूत, प्र.आर.11 शिरोमणि सिह, आर.802 अमित कुमार ,आर.1162 रामअवतार रावत, आर.960 अरूण विक्रम, म.आर.1068 वैशाली की विशेष भूमिका रही।

पिछोर पुलिस को मिली बड़ी सफलता पांच साल से फरार 02 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए महोदय व्दारा चलाये जा रहे स्थाई वारन्ट अभियान में दिनाँक 27.03.2024 को थाना प्रभारी पिछोर श्रीमान पुलिस अधीक्षक रत्नेश यादव को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त पर प्रकरण क्रमांक 435/19 मे फरार स्थाई वारन्टी पुष्पेन्द्र पुत्र दीवान सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी दबिया कलॉं व प्रकरण क्रमांक 219/21 में फरार स्थाई वारन्टी कल्लू पुत्र किशना आदिवासी उम्र 23 साल निवासी ग्राम बिसनपुरा, थाना बमोर कलॉं को अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त स्थाई वारन्टियों को गिरफ्तार किया। उक्त स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

पुलिसिया होली में उड़ा रंग-गुलाल: एसपी-कलेक्टर ने भी एक दूसरे को लगाया गुलाल

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी,होली के दूसरे दिन पुलिस की होली का अपना अलग ही

अंदाज रहता है। परंपरा अनुसार होली के दूसरे दिन आज मंगलवार को पुलिस परेड़ ग्राउंड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंगों के इस उत्सव में एसपी अमन सिंह राठौड़ ने अपने अधीनस्थों के साथ जमकर होली खेली, इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी भी शामिल हुए। मीडियाकर्मी भी उत्सव में शामिल हुए। इस उत्सव में पारंपरिक और पौराणिक गीतों पर डांस करने से ये अधिकारी भी अपने कदम नहीं रोक पाए।

लगातार डयूटी देने वाले पुलिस कर्मियों ने अपने कप्तान के साथ होली खेली तो उनका जोश भी दोगुना हो गया। इस उत्सव मे कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और एसपी अमन सिंह राठौड़ रंगों में रंगे नजर आए। फिल्मी गाने व देश भक्ति की धुनों पर कोई भी अपने कदम नहीं रोक सका। साथ में मौजूद लोग भी ठुमके लगाते नजर आए। उत्सव में जिले के सभी अनुविभागों के एसडीओपी एवं शहरी क्षेत्र के थानों के टीआई सहित तमाम एएसआई, एसआई और आरक्षक एक साथ मस्ती करते नजर आ रहे थे। होली के रंगों में इस तरह रंगे की पहचान पाना मुश्किल हो रहा था।एसपी अमन सिंह राठौड़ ने कि कहा कि होली पर लोग खुशी-खुशी त्योहार मना सकें, इसके लिए लगातार ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मी बधाई के पात्र हैं। ये रंगों का त्योहार है। आज हमारी होली का दिन है। होली रंगों का ही नहीं आपसी मनमुटाव को धोने वाला त्योहार है। साल भर ड्यूटी करके थक चुके पुलिस कर्मियों के उत्साह और उमंग को ये त्योहार दोगुना कर देता है।होली के दिन कलेक्टर बंगले पर उड़ा था गुलाल बता दें कि होली के दिन सोमवार को कलेक्टर बंगले पर भी होली मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। जहां जिले के अधिकारियों ने कलेक्टर बंगले पर पहुंचकर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त शहर के गणमान्य लोग भी बंगले पर पहुंचे थे। जहां एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर भी कलेक्टर बंगले पर पहुंचे जहां उन्होंने होली की शुभकामनाएं दी थी और आज कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और पुलिस वालों की होली में शामिल हुए।

धूमधाम के साथ एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने पुलिस स्टाफ के साथ खेली होली

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोलास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही शहर ब ग्रामीण क्षेत्रों में होली खेलने के बाद दूसरे दिन पुलिस प्रशासन द्वारा होली मनाई जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसडीओपी प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में सभी पुलिस स्टॉफ द्वारा धूमधाम के साथ होली खेली गई।इस मौके पर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने अपने अनुभाग के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों और अन्य स्टाफ के साथ होली मानते कहा कि पुरातन काल से ही यह परंपरा हमेशा से रही है कि पुलिस सबसे आखिर में होली का त्योहार मनाती है इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि आमजन अच्छे से होली मना सके। शान्ति एवं सदभाव के साथ पिछोर में यह त्यौहार मनाया गया। शर्मा ने अपने स्टाफ को होलिका दहन के इस पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं देते हुऐ कहा कि होली जेसे पर्व पर आप लोगों ने ड्यूटी जैसे कार्य को ईमानदारी से निभाया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रत्नेश यादव,गीतेश शर्मा,नीतू सिंह,सतीश जयंत, जहान सिंह दीपचंद,देशराज,अरुण,माधव,आनंद,अमित आदि उपस्थित रहे।

पिछोर पुलिस को मिली बड़ी सफलता पांच साल से फरार 02 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एवं एसडीओपी महोदय पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक व्दारा चलाये जा रहे स्थाई वारन्ट अभियान में दिनाँक 27.03.2024 को थाना प्रभारी पिछोर रत्नेश यादव को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त पर प्रकरण क्रमांक 435/19 मे फरार स्थाई वारन्टी पुष्पेन्द्र पुत्र दीवान सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी दबिया कलॉं व प्रकरण क्रमांक 219/21 में फरार स्थाई वारन्टी कल्लू पुत्र किशना आदिवासी उम्र 23 साल निवासी ग्राम बिसनपुरा थाना बमोर कलॉं को अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त स्थाई वारन्टियों को गिरफ्तार किया। उक्त स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय राक्रिया गया।
उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सउनि
सतीश जयन्त, आर. 313 मॉंगीलाल गुर्जर, आर. 957 देशराज गुर्जर, आर. 907 अरूण मेवाफरोश की सराहनीय भूमिका रही।

15 वर्षीय नाबालिक के साथ छेडछाड करने वाले पडोसी को किया 24 घन्टे मे गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-दिनांक 24, 25 मार्च की मध्य रात्रि मे थाना सिरसौद के ग्राम बीलारा की 15 वर्षीय नाबालिक द्वारा अपने घर की छत पर आरोपी शिशुपाल शाक्य द्वारा बुरी नियत से छेडछाड करने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना सिरसौद पर अपराध कमांक 47/24 धारा 354,506 भादवि 7/8 पॉक्सो एक्ट का पंजीवद्ध किया गया था।

पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने के निर्देश दिये थे, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मूले एंव श्रीमान एसडीओपी महोदय पोहरी श्री सुजीत सिह भदौरिया के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी सिरसौद उप निरीक्षक मुकेश दुवोलिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी शिशुपाल शाक्य को ग्राम बीलारा बस स्टेण्ड से विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर से गिरफ्तार किया गया, आरोपी बीलारा बस स्टेण्ड से कही भाग जाने के लिये खडा थ

सराहनीय भूमिका :-

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश दुवोलिया, सउनि जगदीश भिलाला, प्र.आर. 797 सन्तोष सिंह बैश, प्रआर0 1000 सोनू रजक, आरक्षक 861 आशीष प्रताप, आरक्षक 397 अजीत सिंह, आर0 760 संजीव शर्मा, आरक्षक 216 विक्रम सिंह बाथम, आरक्षक चालक 501 राजेश मिश्रा की विशेष भूमिका रही ।

मायापुर पुलिस को मिली बडी सफलता दो बदमाश अबैध लोहे की धारदार छुरी के साथ दबोचे ।

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर मायापुर,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन मे एवं एसडीओपी महोदय अनुभाग पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अबैध हथियार के संबंध में चलाये जा रहे अभियान में आज दिनांक 27.03.24 को मुखविर सूचना पर से आरोपी हल्के उर्फ रुद्रप्रताप पुत्र गोपाल सिंह उम्र 22 साल निवासी पिपरो एवं आरोपी हजारी पुत्र मनीराम सेन उम्र 21 साल निवासी पिपरो के कब्जे से एक एक लोहे की धारदार अबैध छुरी प्रथक प्रथक जप्त कर प्रथक प्रथक क्रमशः अप.क्र.78/24 व 79/24 धारा 25बी आर्म्स एक्ट के पंजीबद्ध किये गये ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मायापुर निरीक्षक नीतू सिंह, उनि चन्द्रभान सिंह भदौरिया, सउनि राजेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सेक्टर अधिकारी नियुक्त

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत तीसरे चरण में जिले में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने के उद्देश्य से जिले में सेक्टर निर्धारित कर सेक्टर अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्र 25 शिवपुरी के लिए बनाए गए सेक्टर क्रमांक टोंगरा रोड शिवपुरी के लिए पिछड़ा वर्ग विभाग की सहायक संचालक निकिता तामरे को नियुक्त किया गया है।सेक्टर क्रमांक पडोरा शिवपुरी के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी अजेंद्र सिंह पाल, सेक्टर क्रमांक वीरा शिवपुरी के लिए पशु चिकित्सा सहाशल्यज्ञ डॉ.शिवकरण सिंह धाकड़, विधानसभा क्षेत्र 23 करेरा के लिए बनाए गए सेक्टर क्रमांक केरूआ के लिए पीएचई विभाग की उपयंत्री हिमांशी गुप्ता, सेक्टर क्रमांक भैंसा के लिए पशु चिकित्सा सहाशल्यज्ञ डॉ. गिर्राज माहौर, सेक्टर क्रमांक टीला के लिए पशु चिकित्सा सहाशल्यज्ञ डॉ. अरविंद जाटव, विधानसभा क्षेत्र 24 पोहरी के लिए बनाए गए सेक्टर क्रमांक चकरामपुर के लिए पशु चिकित्सा सहाशल्यज्ञ डॉ. विनय कुमार इंदौरिया, सेक्टर क्रमांक परिच्छा के लिए पशु चिकित्सा सहाशल्यज्ञ डॉ. बालकृष्ण शर्मा, सेक्टर क्रमांक सुभाषपुरा के लिए जनपद पंचायत उप यंत्री रविंद्र जैन को नियुक्त किया गया है।

हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 70 लीटर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन एव एसडीओपी महोदय पोहरी सुजीत सिह भदौरिया के मार्गदर्शन मे लोक सभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुये अवैध शराब विक्रय करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड अभियान के तहत आज दिनांक 26.03.2024 को थाना बैराड पुलिस ने ग्राम डाबरपुरा से 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की आज दिनांक 26.03.2024 को थाना प्रभारी बैराड निरीक्षक मनोज राजपूत को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम डाबरपुरा मे एक व्यक्ति हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बेचने हेतु किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है

मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन 23 अप्रैल तक भरे जायेंगे

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा सत्र-2024 के लिये आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की दिनांक 23 अप्रैल, 2024 तक ब़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की दिनांक 25 मार्च, 2024 तक निर्धारित की गई थी। आवेदन-पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2024 निर्धारित की गई है।

ठेका श्रमिकों और महिला संगठन की सदस्यों ने ली मतदान करने की शपथ

कटघोरा, हरदीबाजार, दीपका कॉलेज में प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान करने किया गया प्रेरित

कोरबा/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने जिले में स्वीप की गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य डॉ. एम. एम. जोशी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय महाविद्यालय दीपका में स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए रोचक नारों के साथ मतदान में शामिल होने प्रेरित किया गया। इसी तरह विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर, पोस्टर के माध्यम से मतदान का महत्व

बताया गया। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय ग्राम्य भारती हरदीबाजार, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा पाली में छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लेकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा ठेका श्रमिकों ने भी मतदान का शपथ लिया। करतला ब्लॉक के मुस्कान महिला संगठन, जनपद पंचायत पाली के संगम महिला, सखी महिला समूह की महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। महिलाओं ने निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ ली। इसी तरह एसईसीएल कोरबा मानिकपुर खदान क्षेत्र में कार्मिक प्रबंधक श्री विनोद सिंह के दिशा-निर्देशन में सुरक्षा संदेश के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ठेका श्रमिकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। ठेका श्रमिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का कितना महत्व है।

शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कोरबा/कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी कड़ी में शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय (ईव्हीपीजी) कोरबा में महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप नारा लेखन (स्वीप सांग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रा श्वेता कोसले ने प्रथम स्थान, छात्रा सरोजनी साहू ने द्वितीय स्थान एवं गीतिका यादव एवं काजल कोसले ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।युवा हो तुम देश की शान, उठो जागो और करो मतदान। देश के विकास में दे अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान। ÷एक मतदान में है इतनी शक्ति, नींव रखें जो अच्छे जीवन की। हर घर जाकर यही बताना, मतदान का लक्ष्य समझाना। जागो-जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। हम सब ने यह ठाना है, मतदाताओं को मतदान दिलवाना है। इस प्रकार विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप नारा लिखकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्या डॉ. श्रीमती रेणु बाला शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। गृह विज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय पटेल ने युवा मतदाताओं को स्वयं जागरूक होने के साथ साथ परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया।प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री बलराम कुर्रे ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कोरबा जिले में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य की प्राप्ति हेतु महाविद्यालय में स्वीप कार्ययोजना के तहत चरणबद्ध तरीके से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम स्वीप नारा लेखन, स्वीप रंगोली, स्वीप वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, स्वीप गायन व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ÷स्वीप नारा लेखन÷ प्रतियोगिता कराया गया। स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री कन्हैया सिंह कँवर, श्री अजय पटेल, श्रीमती मधु कँवर ने भूमिका निभाई।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती अमोला कोर्राम, श्रीमती रीतू सिन्हा श्री कन्हैया सिंह कँवर , ग्रंथपाल श्री दीपक टेकाम ,श्री राजकुमार शाह एवं विद्यार्थी रूपेश राठिया, विक्रांत राठिया, संगम दुबे, अजय दास, अविनाश कँवर, योगेश राठिया, नरेश राठिया, साकेत सिदार, ज्योतिका राठिया, ईशा साहू, सरोजनी साहू, श्वेता कोसले, प्रीति साव, गीतिका यादव, महेंद्र कुमार, भूपेंद्र, गुलशन, श्वेता सक्सेना, काजल कोसले ,श्रुति, प्रकाश, श्वेता शर्मा, जय लक्ष्मी, बबिता, रीना ,रिंकी ,सुमन, ख्याति ,अंशु, बिंदिया, ज्योति खरे, हेमा, नीलम भुवनेश्वरी, प्रतिभा आदि प्रतिभागी विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण जरूरी: डीएम

डीएम ने किया हार्पर क्लब परिसर में वृक्षारोपण

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को विश्व वानकी दिवस के अवसर पर हार्पर क्लब बाँदा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग के बड़ते हुए प्रभाव को देखते हुए वृक्षों को लगाना एवं उन्हें संरक्षित स्खना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेडों को बचाने का अर्थ है कि अपने जीवन को सुरक्षित रखना। उन्होंने वृक्षारोपण किये जाने पर जोर देते हुए कहा कि सभी लोगों को वृक्ष लगाने चाहिए और वृक्षों को सुरक्षित व संरक्षित रखें। पौधों को नियमित रूप से पानी, खाद आदि अवश्य दें जिससे उनका पोषण हो सके और आसानी से वृक्ष

तैयार हों। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों वृक्षों के महत्व एवं आवश्यकता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षों से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। वृक्ष जल संस्क्षण व मृदा संरक्षण में भी अत्यन्त उपयोगी होते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षों का रोपण करने के साथ ही इनके अनावश्य कटान पर भी नियंत्रण आवश्यक है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने हार्पर क्लब के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया। प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं शुद्ध वायु उपलब्ध कराने के लिए वृक्षों का होना अत्यन्त आवश्यक है। वृक्ष मानव जीवन के साथ ही वन जीवों के लिए भी उपयोगी हैं। हम सभी को वृक्षों का रोपण करने के साथ ही उनको संरक्षित रखने के लिए उनको सुरक्षित रखना आवश्यक है। वृक्ष प्रदूषण के नियंत्रण में भी उपयोगी हैं। इस अवसर पर संजय गुप्ता क्षेत्रीय वनाधिकारी पैलानी, रमेश कनौजिया क्षेत्रीय वनाधिकारी सहित अमित कुमार श्रीवास्तव एवं रामेन्द्र शर्मा, मनोज जैन तथा बच्चे उपस्थित रहे।

अवैध कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

पुलिस ने 20 लीटर शराब, महुआ, व एक क्विंटल लहन को किया नष्ट

बबेरू। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा लोकसभा चुनाव को सब कुशल संपन्न कराए जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में कमासिन थाना पुलिस ने छिलोलर गांव पहुंचकर महिला सरिता देवी पत्नी हरवंश उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी छिलोलर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब महुआ व शराब की भट्टी, तथा शराब बनाने के उपकरण को बरामद किया है। वही एक क्विंटल लहन को बरामद कर मौके पर नष्ट करा दिया गया है। जिसमें महिला सरिता देवी को गिरफ्तार कर कमासिन थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। और आगे की कार्यवाही की जा रही है, गिरफ्तार व करने वाली टीम में उप निरीक्षक गिरजा शंकर पांडे , नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल मनीष शुक्ला, अनुज यादव, महिला कांस्टेबल सीता देवी मौजूद रही।

श्याम सिंह मुरैना केशरी संवाददाता कोंडागांव छतीसगढ ,लोकनर्तकों ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

एनसीसी मैदान में आयोजित स्वीप लोक नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन

कोंडागांव,/ लोक सभा निर्वाचन के दौरान सभी मतदाता अपने-अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करें। इसके लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्थानीय एनसीसी मैदान में स्वीप लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 22

लोक नर्तक दलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसका आनंद बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। कोंडागांव में आयोजित फागुन मंडई में पहुंचे दूर-दराज के ग्रामीणों ने भी लिया। मनमोहक प्रस्तुति के लिए लोकनर्तक दलों को पुरस्कृत भी किया गया, जिसमें पहला पुरस्कार फरसगांव के कोटपाड़, द्वितीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के नुंगाली और तृतीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के रेंगागोंदी की लोक नर्तक कलादलों को प्रदान किया गया।

मतदाता जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

कोण्डागांव, / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर से मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ बस्तर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कोंडागांव विधानसभा के कोंडागांव और माकड़ी विकासखण्ड और कांकेर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत केशकाल विधानसभा के फरसगांव, केशकाल और बड़े राजपुर विकासखण्डों में जाकर मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक करेगी। साथ ही बस्तर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 19 अप्रैल और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। मतदाता जागरुकता रथ को रवाना करते समय संयुक्त कलेक्टर एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अजय उरांव सहित कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे!

कोटा पोस्ट ऑफिस को नगर के अंदर शीघ्र शिफ्ट करने के लिए..एस डीएम साहब ने..डाकअधीक्षक बिलासपुर को लिखा पत्र।

डाक अधीक्षक महोदय के अधिकार क्षेत्र के देने वाले किराए के दर 3000/-प्रति माह पर तुरंत शिफ्ट करने के लिए भवन देने के लिए ससर्त तैयार है माकान मालिक।

कोटा- बिलासपुर-- जनता और जप्रतिनिधियों के लगातार मांग एवम विरोध करने पर पोस्ट ऑफिस को ग्रामपंचायत क्षेत्र सीवीरमन से हटा कर नगर में अंदर शीघ्र ही शिफ्ट करने के लिए कोटा एसडीएम- संयुक्त कलेक्टर श्री युगल किशोर उर्वशा जी ने डाक अधीक्षक बिलासपुर और कलेक्टर महोदय को ऑफिसियल लेटर लिखा।विगत आठ माह से कोटा पोस्ट ऑफिस को मनमानी तरीके से ग्रामपंचायत क्षेत्र रानीसागर मौहारखार में संचालित करने का विरोध कोटा नगर की जनता और जनप्रतिनिधि कर रहे है।डाक बिभाग ने अस्वासन दिया था कि नगर के अंदर भवन मिलने पर तुरंत शिफ्ट कर देंगे। पर किये नही।कोटा में नगर के अंदर कई लोग अच्छे भवन सर्व सुविधा युक्त जन हित को ध्यान में रखते हुए देने के लिए डाक विभाग के इंस्पेक्टर के माध्यम से डाक अधीक्षक बिलासपुर को भेजा है। डाक अधीक्षक महोदय बिलासपुर को

दिए गए पत्र में कुछ लोगो ने यह भी स्पष्ट लिखा है कि आपको तीन हजार मासिक किराया देने का पावर है और इससे ऊपर रायपुर के अधिकारियों को है जिसमे प्रक्रिया में चार पांच माह का समय लगता है। तो हम 6 माह तक का किराया आपसे तीन हजार ही लेंगे इसके बाद हमे पूरा किराया 7 हजार या इससे ऊपर जो तय होगा उसको लेंगे। तो भी संबंधित अधिकारियों को नगर के अंदर शिफ्ट करने में तकलीफ हो रही है।इसी तरह की उपर्युक्त शर्त में तीन हजार रुपये 6 माह के लिए, स सर्त में इसी विभाग के अधिकारी कर्मचारी तुरंत ग्रामपंचायत रानीसागर मौहरखर में शिफ्ट कर दिए थे जंहा आज 7 हजार किराया लगभग 500 बर्गफिट का रायपुर से फाइनल हो गया है। तो फिर कोटा में नगर की संस्था को पुनः नगर के अंदर जनता और जप्रतिनिधियों कि मांग पर क्यो शिफ्ट करने में विलम्ब हो रहा है।इसी आसय में जनता ने सभी उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया और विधायक महोदय कोटा ने भी पत्र लिखा अब कोटा एसडीएम साहब ने जनता और जनप्रतिनिधयों की मांग पर जनहित की संस्था पोस्ट ऑफिस को तुरंत मार्च के अंत तक कोटा नगर के अंदर किराए के भवन में शिफ्ट करने के लिए लेटर लिख कर भेजा है।फिलहाल फोन पर डाक अधीक्षक महोदय ने एसडीएम साहब को अस्वासन दिया है कि मार्च में अंत तक पोस्ट ऑफिस को कोटा नगर के अंदर शिफ्ट कर देंगे।

चिड़ियों की विलुप्त होती प्रजाति को लेकर बच्चों ने बनाए घौंसले

ग्वालियर! पूरे विश्व में 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाया जाता है यह दिवस मनाने का मतलब यह है की गौरैया प्रजाति की चिड़िया पक्षियों की जाति का सबसे पुराना प्राणी है और हमारे घरेलू वातावरण में रहना इसे पसंद है मगर आधुनिकता भरे दौर मेंआज यह विलुप्त होने के कगार पर है जो हम सबके लिए चिंता का विषय है! इसके बचाव के लिए के लिए तथा लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है! इसीलिए पूरे विश्व में इनकी सुरक्षा के लिए खड़े कम उठाने पड़ेंगे यह बात आज न्यू वेंडी स्कूल दीनदयाल नगर में गौरैया दिवस मनाया जाता है, उक्त उदगार मुख्य अतिथि मिसेज कोठारी ने संबोधित करते हुए व्यक्त किए !इससे पूर्व न्यू वेंडी स्कूल की संचालिका किरण भदौरिया ने माल्यार्पण कर श्रीमती साधना कोठारी का स्वागत किया स्कूल की संचालिका ने संबोधित करते हुए कहा कि यह वास्तव में ही चिंताजनक विषय है किसी प्रजाति का विलुप्त होना यह अपने आप में एक बड़ी घटना है हम सब लोगों को मिलकर इस विषय में मिलजुल कर ठोस कदम उठाने होंगे! वहीं विश्व गौरैया दिवस पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गौरैया के लिए घौंसले बनाए, इस अवसर पर स्कूल की टीचर छाया पचौरी, प्रिया कुशवाहा, वंदना, प्रीती , रिंकी, तान्या , शिवानी, इंदू एवं तक्षक आदि ने बच्चों के साथ मिलकर चिड़ियों के संरक्षण की शपथ ग्रहण की!

निवेदन है कि हम प्रार्थी के पति संतोष कुमार पटेल सन ऑफ स्वर्गीय राम दुलार पटेल निवासी मधुर डिघिया थाना हलिया जनपद मिर्जापुर दिन 10 05 2012 को सुबह 10:00 बजे घर से यह कहकर निकले की मैं मुंबई काम करने जा जा रहा हूं जाने के बाद उनका कोई फोन नहीं आया हम पूरे परिवार के साथ काफी खोज पता किया गया परंतु कोई पता नहीं चला हम लोग तलाश हैरान हो चुके इसलिए हमको पत्रकार का सहारा लेना पड़ा जिस भाई को अगर यह दिखाए दे घर पहुंचने के लिए कृपा करें घर पहुंचने तक भाड़ा किराया सब दिया जाएगा इ

जे.आय.टी. के वार्षिकोत्सव ''विहंगम 2024'' की रंगारंग शुरूआत

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

जे.आय.टी. में 4 दिनों तक चलेगा वार्षिकोत्सव

वार्षिकोत्सव ''विहंगम 2024'' का पारंपरिक रूप से शुभारंभ

खरगोन, जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां के वार्षिकोत्सव विहंगम 2024 का आज पारंपरिक रूप से शुभारंभ हुआ । विहंगम 2024 मंगलवार 26 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलेगा । इसके अंतर्गत गायन, नृत्य , रंगोली , मेंहदी , गली क्रिकेट, रोडीज, फंकी डे, ट्रेडिशनल डे एवं फूड फेस्टीवल जैसी अनेक खेलकूद एवं सांस्कतिक प्रतियोगितायें आयोजित की जावेंगी । आज मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं का पूर्ण तैयारी के साथ सामना करें । विद्यार्थी जीवन का अपना अलग महत्व है एवं इसमें विद्यार्थी को सभी प्रकार के अनुभव प्राप्त होते हैं ।संस्था के डीन डॉ. सुनील सुगंधी ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की

कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी एवं जीवन की कठिनाईयों का डटकर मुकाबला करने की सलाह दी । उन्होनें कहा कि आज का दौर प्रतियोगिताओं का दौर है और सभी विद्यार्थियों को अपनी पढाई के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेना आवश्यक है साथ ही अपना सर्वोत्तम आउटपुट देना है और चुनौतियों का सामना करना है । आज वार्षिकोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सभी विद्यार्थियों में हर्ष व्याप्त है । वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ हनीफ खॉन, प्रो रंजन ठाकुर एवं प्रो दीपक यादव ने आगामी 4 दिवसयी आयोजन की रूपरेखा बताई एवं सभी विद्यार्थियों को भाईचारे एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजन में सहभागी होते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की ।जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑड़ टेक्नोलॉजी बोरवां के वार्षिकोत्सव विहंगम 2024 के दौरान आज 26 मार्च को प्राचार्य डॉ अतुल उपाध्याय , डीन डॉ सुनील सुगंधी और विभागीय शिक्षक आयोजको के मार्गदर्शन में सात प्रतियोगिताएं संपादित हुई । जिसमें खो-खो ,कबड्डी ,क्रिकेट ,फूड फेस्टिवल मेहंदी, रंगोली और बैडमिंटन जैसी 7 प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया । जिसमें मेहंदी व रंगोली में क्रमशः 19 एवं 15 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । क्रिकेट कबड्डी और बैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताओं में चार-चार टीमें शामिल थी। फूड फेस्टिवल में छात्र छात्राओं की 8 टीमों ने हिस्सा लिया।पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री अरूण यादव ने वार्षिकोत्सव विहंगम 2024 के अवसर पर सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी

पुलिस एवं प्रशासन ने आगामी चुनावों के लिये विशेष पुलिस अधिकारयों को दिया चुनावी प्रशिक्षण, करैरा

अनुभाग मे 2269 लोगो को विशेष पुलिस अधिकारी का प्रशिक्षण कराया गया है ।

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

करैरा,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के द्वारा आगामी चुनावों को शांति पूर्ण तरीके से समन्न कराने हेतु प्रशासन के साथ मिलकर चुनाव के दौरान विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक के उक्त निर्देशों के पालन मे आज दिनांक 27.03.2024 को शिवपुरी पुलिस द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर आज करैरा अनुभाग मे अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता, एवम कोटवारों को चुनावों के दौरान ड्युटी करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है । यह प्रशिक्षण 5 बैच में समपन्न हुआ जिसमे अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवम कोटवारों को प्रशिक्षण दिया । लोकसभा निर्वाचन 2024 में अनुविभाग करैरा के सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवम एसडीएम अजय शर्मा ने आयोग के निर्देशों के पालन में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में करैरा एवम नरवर ब्लॉक के समस्त अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता, एवम कोटवारों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में सम्मिलित लोगो को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री शर्मा ने कहा कि आप लोगो को बड़ी जिम्मेदारी आयोग द्वारा दी गई है, उसके तहत आपको विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करना है, आप लोग भयमुक्त एवम निष्पक्ष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए। किसी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों से दूरी बना कर रखे । सर्वप्रथम पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रक्रिया की फिल्म भी दिखाई गई, जिसमे विस्तार से सभी कर्तव्यों के बारे में समझाया गया। प्रशिक्षण में पुलिस की ओर से उपस्थित सूबेदार भानुप्रताप सिंह सिकरवार ने सभी को पुलिस अधिकारी के कर्तव्य व अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि आप लोगो को आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन करना होगा।

प्रशिक्षण में एसडीएम अजय शर्मा, तहसीलदार सुश्री कल्पना शर्मा, परियोजना अधिकारी रविरमन पराशर, सूबेदार भानुप्रताप सिंह सिकरवार, आरक्षक 460 घनश्याम यादव, 615 उपेंद्र रावत, अनुविभाग के समस्त अतिथि शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं, कोटवार, आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित थी । प्रथम, द्वितीय बैच जिसमे आशा, कोटवार, सहायिका, उत्कृष्ठ विद्यालय करैरा में तथा संख्या बल की अधिकता को देखते हुए तीन बैच रामराजा गार्डन में जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, अतिथि शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। कुछ अतिथि शिक्षको ने ड्यूटी के दौरान किए कार्य का मानदेय भुगतान, मतदान करने सहित अन्य मुद्दों पर प्रश्न भी किए, जिनके उत्तर सूबेदार श्री भानु प्रताव सिंह सिकरवार ने दिए।

मेरी मौत के बाद मेरे बेटे को दिलवा देना उसका हक, पर्ची में लिखकर ग्वालियर में युवक ने दे दी जान, जांच में जुटी पुलिश

ग्वालियर। झांसी रोड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। शव की तलाशी के दौरान जेब मे एक पर्ची मिली थी जिसमें लिखा था कि ÷मेरी मौत के बाद मेरे बेटे को उसका हक दिलवा देना, पुलिस इसके आधार पर घटना को आत्महत्या मानकर जांच में जुटी हुई है। इस मामले में झांसी रोड़ थाना पुलिस का कहना है कि इस मामले को प्रथम दृष्टया दुर्घटना माना जा रहा था लेकिन जांच के दौरान आत्महत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। इसी आधार पर परिजनों सहित अन्य लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि मंगलवार को झांसी रोड थाना पुलिस को थाने के पास रेलवे लाइन पर एक युवक का शव मिला था। जिसकी

पहचान महलगांव निवासी 33 वर्षीय मनोज शर्मा के रूप में हुई थी। देखने से लग रहा था कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी जिसके चलते पुलिस ने इसे हादसा मानकर जांच शुरू कर दी थी लेकिन जब शव की तलाशी ली तो उसमें एक पर्ची मिली जिस पर लिखा था कि मेरी मौत के बाद मेरे बेटे को उसका हक दिलवा देना। जिसके बाद दुर्घटना के स्थान पर पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।बता दें कि मामले की जांच के दौरान पुलिस के सामने पारिवारिक विवाद का मामला आया। पुलिस की मानें तो 7 वर्ष पहले मनोज शर्मा की शादी हुई थी। पिछले लगभग एक वर्ष से पति-पत्नी में विवाद आपसी विवाद चल रहा था। आए दिन दोनों के बीच बार-बार झगड़ होते रहते थे। पुलिस का मानना है कि किसी विवाद से परेशान होकर ही मनोज ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली है।

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूजा न कोय...भगवान से विवाह करने चली आज की मीरा

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक अनोखी शादी होने जा रही है। इस शादी की चर्चा ग्वालियर ही नहीं पूरे प्रदेश में बड़े जोरों पर है। दरअसल यह शादी है भक्त और भगवान की। 23 साल की शिवानी ने भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप लड्डू गोपाल से विवाह करने का निर्णय लिया है। शिवानी के इस निर्णय पर उनके घर वाले भी सहमत हो गए हैं। घर में विवाह की तैयारी भी शुरू हो चुकी है।यूं तो भगवान श्री कृष्ण के प्रेम में सभी डूबे हुए होते हैं, लेकिन कभी-कभी किसी भक्त का प्रेम सारी सीमाओं को पार कर जाता है। जिस प्रकार मीरा की भक्ति ने भगवान के प्रति प्रेम और आदर के भाव को लेकर सारी सीमाओं को पार कर दिया था। उसी तरह ग्वालियर के न्यू ब्रज विहार कॉलोनी में रहने वाली शिवानी परिहार ने भी भगवान की भक्ति को लेकर स्वयं को समर्पित करने का निर्णय ले लिया है।उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप लड्डू गोपाल से विवाह करने का निर्णय लिया है। शिवानी कहती हैं कि कई बार सपने में भगवान श्री कृष्ण आए हैं और उनसे विवाह भी हुआ है। अब हकीकत मैं भी मैं इस सपने को जीना चाहती हूं। इसीलिए यह निर्णय लिया है। शिवानी की शादी आगामी 17 अप्रैल को बहुत ही सात्विक ढंग से और पूरे रीति रिवाज के साथ की जाएगी। उनकी बारात वृंदावन से आएगी और विवाह संपन्न होने के बाद 18 अप्रैल को शिवानी की विदाई भी की जाएगी।

माता पिता ने शुरू की तैयारियां-भगवान से विवाह को लेकर उत्साह केवल शिवानी के मन में ही नहीं बल्कि उनके पूरे परिवार में भी है। इस निर्णय को लेकर पूरे परिवार में खुशियों की लहर है। यही कारण है कि शिवानी के माता-पिता ने भी अपनी बेटी के इस निर्णय में खुशी-खुशी साथ देने का निर्णय ले लिया है। परिवार ने बेटी की विवाह की तैयारी शुरू कर दी है।

शिवानी के पिता रामप्रताप परिहार का कहना है कि शिवानी की मां मीरा परिहार भी भगवान की अनन्य भक्त हैं। अपने बच्चों को भी उन्होंने बचपन से ही भक्ति भाव सिखाया है। बेटी ने जो निर्णय लिया है वह उसका अपना निर्णय है। सभी को अपना जीवन अपने निर्णय अनुसार जीने की स्वतंत्रता है। भगवान के राह में चलने वाली बेटी के लिए हम रोड़ा क्यों बने।

कुछ रिश्तेदार नाखुश-शिवानी ने जो निर्णय लिया है उससे उनके कई खास रिश्तेदार भी नाराज हैं, लेकिन शिवानी और उनके माता-पिता को इन सब से कोई फर्क नहीं पड़ता। शिवानी का कहना है कि मैंने उससे नाता जोड़ लिया है जिसका पूरे संसार से नाता है तो अब मुझे इन झूठे नातों से कोई गुरे? नहीं है। जिसने मुझे जीवन दिया है मैं तो उसी को अपना जीवन समर्पित कर रही हूं।

होली में हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए मुस्तैद ग्वालियर पुलिस, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

ग्वालियर। रंगों और खुशियों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा, लेकिन यदि आप इस दौरान हुड़दंग या फिर किसी तरह की वारदात को अंजाम देने की कोशिश करते हैं तो आपको कड़ा सबक सिखाया जाएगा। ग्वालियर पुलिस होली के दौरान हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस हुड़दंगियों से निपटने के लिए पूरी फोर्स तैनात कर दी है।

होली को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में एक विशेष बल तैयार किया गया है। यह बल शहर के चौक चौराहों के साथ ही उन चिन्हित जगहों पर तैनात किया जाएगा, जहां बीते साल होली के दौरान विवाद होने के मामले सामने आए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक भी आयोजित की जा चुकी है। सभी समाज विशेष के लोगों से त्यौहार के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

आदर्श आचार संहिता लागू-लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसी स्थिति में चौक चौराहों के साथ ही रेलवे स्टेशन पर भी और जीआरपी पुलिस बल अलर्ट मोड़ पर हैं। ताकि होली के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए। साथ ही होली के दौरान हुड़दंग करने वाले बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

शराब पीकर गाड़ी चलाने पर होगी सख्त कार्रवाई-होली के दौरान शराब पीकर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने, चौक चौराहा पर हुड़दंग मचाते हुए आम लोगों को परेशान करने वालों के साथ ही लड़ाई झगड़ा करने वाले बदमाशों पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह का कहना है कि होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी-होली के त्यौहार में किसी भी असामाजिक तत्व को खलल डालने नहीं दिया जाएगा। यही वजह है कि संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। साथ ही चौक चौराहा पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा, ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

हाईकोर्ट ने ठगी के मामले में आरोपियों को सुनाई 10-10 पौधे लगाने की सजा,

ग्वालियर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक अनोखा आदेश पारित किया है। इस आदेश के अनुसार आरोपियों को 10-10 पौधे लगाने होंगे और उनका उचित रखरखाव भी करना होगा। यह मामला देश के एक बड़े व्यवसायी से जुड़ा हुआ है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने ग्वालियर की एक व्यापारी के साथ लाखों की ठगी की है तो आईए जानते हैं क्या है पूरा मामला...

क्या है पूरा मामला-आपको बता दें कि शहर के एक व्यापारी गोपाल गुप्ता ने पुलिस थाने में शिकायत की थी कि बजाज कंपनी के डायरेक्टर नवीन गुप्ता और उनके स्टाफ अरुण गजेंद्र और उनके दो अन्य साथियों ने मिलकर उनके साथ भरोसे में लेकर ठगी की थी। यह ठगी तकरीबन 25 लख रुपए की थी और कंपनी ने उनका पैसा लौटाने से मना भी कर दिया था। उनका आरोप था कि कंपनी ने अलग-अलग तरीकों में उनसे उन्हें कंपनी का एमडी बनाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी की थी।

जब उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो फर्जी डीडी बनाकर उन्हें थमा दिया था, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मेरी बात कंपनी के डायरेक्टर से भी करवाई गई थी, लेकिन उसका भी कोई लाभ मुझे नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत की थी तब मामला न्यायालय पहुंचा।उक्त मामले को लेकर जब आरोपियों ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर की तो न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत दे दी, लेकिन जमानत देने के दौरान शर्त रखी गई कि आरोपी अरुण और गजेंद्र को 50-50 हजार के निजी बेल बांड देने होंगे। इसके साथ ही चूंकि आरोपी ग्वालियर से ही बिलॉन्ग करते हैं, तो उन्हें शिरोल पहाड़ी पर 10-10 फलदार नीम पीपल जैसे पौधे लगाने होंगे। यह काम केवल यहीं तक सीमित नहीं है। इन पौधों के रखरखाव का जिम्मा भी उन्हीं का है और अपने बच्चों की तरह इन पौधों की देखभाल उन्हें करनी होगी।कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस तारीख को आरोपी जमानत पर बाहर आएंगे, उस तारीख से आने वाले 30 दिन के अंदर आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पौधारोपण की तस्वीर पेश करनी होगी। साथ ही इन पेड़ों की देखरेख में भी कोई कोताही नहीं बरती जाए, नहीं तो अपराधियों के जमानत लाभ पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478